1. Shri Shiv Kumar Arun, Senior Technical Officer granted merit promotion to the post of Assistant Chief Technical Officer w.e.f. 01.07.2008.
2. Dr. Raghubir Singh, Assistant Chief Technical Officer granted merit promotion to the post of Chief Technical Officer w.e.f. 01.07.2013.
3. Shri Sanjay Kumar, Assistant Chief Technical Officer granted merit promotion to the post of Chief Technical Officer w.e.f. 01.01.2014.
4. Shri Abhay Dikshit, Assistant Chief Technical Officer granted merit promotion to the post of Chief Technical Officer w.e.f. 01.07.2014.
5. Shri Bahadur Singh, Senior Technical Officer granted merit promotion to the post of Assistant Chief Technical Officer w.e.f. 01.01.2013.

Administrative

1. Ms. Neelam Dhami, Stenographer was promoted to the post of Personal Assistant w.e.f. 03.11.2015.
2. Shri Satya Dev Prasad, Assistant was promoted to the post of Assistant Administrative Officer w.e.f. 15.09.2015.
3. Shri Hardev Singh, Junior Clerk was promoted to the post of Senior Clerk w.e.f. 15.09.2015.
4. Shri Parameshwar Deen, Junior Clerk was promoted to the post of Senior Clerk on 15.09.2015.

अधीनस्थ

1. श्री संजय कुमार, एस.एस.एस. को दिनांक 30.06.2015 से दूसरा एम.ए.सी.पी. प्रदान किया गया।
2. श्रीमती सावित्री देवी, एस.एस.एस. को दिनांक 30.06.2015 से तीसरा एम.ए.सी.पी. प्रदान किया गया।
3. श्री जय नारायण, एस.एस.एस. को दिनांक 30.03.2015 से दूसरा एम.ए.सी.पी. प्रदान किया गया।

कार्यग्रहण

वैज्ञानिक

1. डॉ. दिनेश कुमार, प्रधान वैज्ञानिक (फल विज्ञान) ने दिनांक 08.04.2015 को कार्यग्रहण किया।
2. सुश्री ज्योतिर्मयी लेंका, वैज्ञानिक (फल विज्ञान) ने दिनांक 10.04.2015 को कार्य ग्रहण किया।
3. डॉ. (श्रीमती) शर्मिला रॉय, प्रधान वैज्ञानिक (कृषि कीट विज्ञान) ने दिनांक 02.05.2015 को कार्य ग्रहण किया।
4. डॉ. अजय कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ वैज्ञानिक (पादप दैहिकी) ने दिनांक 21.07.2015 को कार्य ग्रहण किया।
5. सुश्री स्वस्ति शुभदर्शिनी दास, वैज्ञानिक (फल विज्ञान) ने दिनांक 14.08.2015 को कार्य ग्रहण किया।
6. डॉ. दीपक नायक, वैज्ञानिक (फल विज्ञान) ने दिनांक 16.10.2015 को संस्थान के मालदा स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र में कार्य ग्रहण किया।
7. डॉ. राजेश कुमार सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी) ने दिनांक 24.11.2015 को कार्य ग्रहण किया।

तकनीकी

1. श्री ब्रीजेन्द्र कुमार पुष्कर, तकनीकी अधिकारी ने दिनांक 29.01.2016 को कार्य ग्रहण किया।

प्रशासनिक

1. श्री कमला प्रसाद यादव ने पदोन्नतिपरांत दिनांक 09.10.2015 को संस्थान में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्य ग्रहण किया।
2. सुश्री नीलम धामी, आशुलिपिक ने दिनांक 02.11.2015 को वैयक्तिक सहायक के पद पर कार्य ग्रहण किया।
3. श्री सत्य देव प्रसाद, सहायक ने दिनांक 18.09.2015 को सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्य ग्रहण किया।
4. श्री हरदेव सिंह, कनिष्ठ लिपिक ने दिनांक 18.09.2015 को वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्य ग्रहण किया।
5. श्री परमेश्वर दीन, कनिष्ठ लिपिक ने 18.09.2015 को वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्य ग्रहण किया।
5. Shri Gyani Prasad Mishra, Private Secretary was granted IIIrd MACP w.e.f. 18.12.2014.
6. Shri S.S. Arora, retired Assistant Administrative Officer granted IIIrd MACP w.e.f. 01.09.2008.

Supporting

1. Shri Sanjay Kumar, SSS was granted IInd MACP w.e.f. 30.06.2015.
2. Smt. Savitri Devi, SSS was granted IIIrd MACP w.e.f. 30.06.2015.
3. Shri Jai Narain, SSS was granted IInd MACP w.e.f. 30.03.2015.

Joining

Scientists

1. Dr. Dinesh Kumar, Pr. Scientist (Fruit Science) joined the Institute w.e.f. 08.04.2015.
2. Ms. Jotirmayee Lenka, Scientist (Fruit Science) joined the Institute w.e.f. 10.04.2015.
3. Dr. (Smt.) Sharmila Roy, Principal Scientist (Agril. Entomology) joined the Institute w.e.f. 02.05.2015.
4. Dr. Ajaya Kumar Trivedi, Sr. Scientist (Plant Physiology) joined the Institute w.e.f. 21.7.2015.
5. Km. Swasti Suvadarshini Das, Scientist (Fruit Science) joined the Institute w.e.f. 14.08.2015.
6. Dr. Dipak Nayak, Scientist (Fruit Science) joined the Institute's Regional Research Station, Malda w.e.f. 16.10.2015.
7. Dr. Rajesh Kumar Singh, Principal Scientist (Horticulture) joined the Institute w.e.f. 24.11.2015.

Technical

Shri Brijendra Kumar Pushkar, Technical Officer (T-5) joined the Institute w.e.f. 29.01.2016.

Administrative

1. Shri Kamala Prasad Yadav, Administrative Officer joined the Institute w.e.f. 09.10.2015.
2. Ms. Neelam Dhami joined the post of Personal Assistant w.e.f. 02.11.2015.
3. Shri Satya Dev Prasad joined the post of Assistant Administrative Officer w.e.f. 18.09.2015.
4. Shri Hardev Singh joined the post of Senior Clerk w.e.f. 18.09.2015.
5. Shri Parameshwar Deen joined the post of Senior Clerk w.e.f. 18.09.2015.

स्थानांतरण

वैज्ञानिक

1. श्रीमती पुष्पा चेतन कुमार, वैज्ञानिक (भोजन एवं पोषण) का दिनांक 23.05.2015 को भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बंग्लुरु स्थानांतरित दिया गया।
2. डॉ. एच. केशव कुमार, वैज्ञानिक (सूत्रकृमि विज्ञान) का दिनांक 26.11.2015 को केन्द्रीय कंदीय फसल अनुसंधान संस्थान, तिरूवनंतपुरम स्थानांतरित दिया गया।

सेवानिवृत्त

वैज्ञानिक

1. डॉ. अजय वर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (कृषि अर्थशास्त्र) दिनांक 31.03.2016 को परिषद की सेवा से सेवानिवृत्त हुए।

तकनीकी

2. श्री प्रदीप कुलश्रेष्ठ, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (टी–7–8) दिनांक 31.07.2015 को परिषद की सेवा से सेवानिवृत्त हुए।
3. श्री विजय कुमार अस्थाना, तकनीकी सहायक (टी–3) दिनांक 31.07.2015 को परिषद की सेवा से सेवानिवृत्त हुए।

प्रशासनिक

1. श्री देवी दत्त, सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिनांक 30.04.2015 को परिषद की सेवा से सेवानिवृत्त हुए।

कुशल सपोर्ट स्टॉफ

1. श्री राम प्रकाश, कुशल सपोर्ट स्टाफ (ग्रुप डी) दिनांक 31.08.2015 को परिषद की सेवा से सेवानिवृत्त हुए।
2. श्री मईकू लाल, कुशल सपोर्ट स्टाफ (ग्रुप डी) दिनांक 31.12.2015 को परिषद की सेवा से सेवानिवृत्त हुए।
3. श्री राम कुमार, कुशल सपोर्ट स्टाफ (ग्रुप डी) दिनांक 31.08.2015 को परिषद की सेवा से सेवानिवृत्त हुए।

निधन

1. श्री राम कृष्ण, कुशल सपोर्ट स्टाफ (ग्रुप डी) का दिनांक 31.07.2015 को निधन हो गया।
2. श्री मोहम्मद सलीम, कुशल सपोर्ट स्टाफ (ग्रुप डी) का दिनांक 13.03.2016 को निधन हो गया।

Transfer

Scientific

1. Smt. Pushpa Chehankumar, Scientist (Food & Nutrition) was transferred to ICAR-IIHR, Bengaluru and relieved from this Institute on 23.05.2015.
2. Dr. H. Kesava Kumar, Scientist (Nematology) was transferred to ICAR-Central Tuber Crops Research Institute, Thiruvananthapuram and relieved from this Institute on 26.11.2015.

Retirement

Scientist

1. Dr. Ajay Verma, Principal Scientist (Agril. Economics) superannuated from the Council's service w.e.f. 31.03.2016.

Technical

1. Shri Pradeep Kumar Kulshrestha, Asstt. Chief Technical Officer (T-7-8) superannuated from the Council's service w.e.f. 31.07.2015.
2. Shri Vijay Kumar Asthana, Technical Assistant (T-3) superannuated from the Council's service w.e.f. 31.07.2015.

Administrative

1. Shri Devi Dutt, Assistant Administrative Officer superannuated from the Council's service w.e.f. 30.04.2015.

Supporting

1. Shri Ram Prakash, Skilled Support Staff (Group D) superannuated from the Council's service w.e.f. 31.08.2015.
2. Shri Maiku Lal, Skilled Support Staff superannuated from the Council's service w.e.f. 31.12.2015.
3. Shri Ram Kumar, SSS Superannuated from the Council's service w.e.f. 31.03.2016.

Obituary

1. Shri Ram Krishna, Skilled Support Staff (Group D) expired on 31.07.2015.
2. Shri Mohd. Salim, Skilled Support Staff expired on 13.03.2016.

3 फसल सुधार एवं जैव तकनीकी
Crop Improvement and Biotechnology

आम (*मेंजीफेरा इंडिका* एल.)

जनन द्रव्यों का संकलन

आम की आठ एपिमिडी (समूचा फल अचार की किस्म) एवं दो खाद्य किस्मों को जो कि सुवासित, अचार योग्य गुणवत्ता युक्त होने के साथ ही गूदे से आसानी से अलग हो जाने वाले गुणों के आधार पर सिरसी, कर्नाटक से चयनित की गई एवं मूल्यांकन हेतु लगायी गयी। मूल्यांकन हेतु मलगोवा, रसपुरी, थाईलैंड ड्वार्फ एवं हेमलेट को देवनल्ली से तथा अर्का उदया को भारतीय बागवानी शोध संस्थान, बंगलुरू से संकलित किया गया। किसानों की पंद्रह किस्मों को मलिहाबाद एवं सीमावर्ती क्षेत्रों से संकलित एवं प्रवर्धित करके संरक्षित किया गया।

जनन द्रव्यों का चित्रण

फिनॉल, फ्लेवनॉयड, एंटीऑक्सीडेंट एवं कैरोटीनॉयड हेतु आम की चालीस किस्मों को अनुवांशिक परिवर्तन एवं सह संबंध के लिए मूल्यांकित किया गया। पीसीवी की दर जीसीवी से अधिक पायी गयी जो कि यह दर्शाता है की पर्यावरणीय प्रभाव कुछ हद तक अभिव्यक्ति पर पड़ता है। सकल फिनॉल का पीसीवी (60.30) एवं जीसीवी (60.04) अधिकतम पाया गया। समस्त अंगों की आनुवांशिकता का आँकलन करने पर यह अधिकतम पाया गया जो की 93 प्रतिशत (सकल कैरोटीनॉयड) से 99 प्रतिशत (सकल फिनॉल एवं फ्लेवनॉयड) तक मापा गया। अधिकतम आनुवांशिकता (99 प्रतिशत) एवं उच्च अनुवांशिक अग्रिमता बताती है की सकल फिनॉल, कैरोटीनॉयड (0.44) एंटीऑक्सीडेंट (0.68) में धनात्मक सह संबंध पाया गया। a* और b* रंग मूल्य का सकल कैरोटीनॉयड से भी सीधा सह संबंध पाया गया (0.64 एवं 0.39 क्रमशः)। आम के 59 जनन द्रव्यों का फल लक्षणों के लिए मूल्यांकन किया गया। डाटाबेस (www.mangifera.res.in) में 42 अभिगमनों की सूचना दर्ज की गई।

प्रक्षेत्र जीन बैंक रोपण

आम के सात सौ बहत्तर अभिगमनों को प्रक्षेत्र जीन बैंक में संकलित किया जा रहा है। चौबीस अभिगमनों को प्रवर्धित कर अंतर स्थानों पर रोपित किया जा रहा है।

MANGO (*Mangifera indica* L.)

Collection of germplasm

Eight 'appemedi' (whole pickle mango variety) and two table varieties were collected from Sirsi, Karnataka mainly for its aroma, good quality pickle and easy removal of stone from fruit and planted for evaluation. Malgoa, Raspuri, Thailand Dwarf and Hamlet were collected from Devanalli and hybrid Arka Udaya was collected from ICAR-IIHR, Bengaluru for evaluation. Fifteen farmers' varieties of mango were identified from Malihabad, and adjoining areas and multiplied for conservation.

Characterization of germplasm

Forty mango varieties were evaluated for the genetic variation and correlation for phenols, flavonoids, total antioxidants and total carotenoid contents. The phenotypic coefficient of variation (PCV) for all the components was slightly higher than the genotypic coefficient of variation (GCV). Total phenols had the highest PCV (60.30) and GCV (60.04). High heritability estimates were observed for all the components which ranged from 93 per cent (total carotenoids) to 99 per cent (total phenols and flavonoids). Higher heritability (99%) coupled with high genetic advance (8.26), indicates that total phenol content is controlled by additive gene and thus the selection would be effective for genetic improvement. Total phenols had a positive correlation with total antioxidants (0.68) and total flavonoids (0.44). The total flavonoids had significant positive correlation with total antioxidants (0.44) as well as total carotenoid content (0.34). The a* and b* value of colour had a significant positive correlation with the total carotenoid content (0.64 and 0.39, respectively). Fifty-nine accessions of mango were evaluated for fruit characteristics. Database (www.mangifera.res.in) was updated with information on 42 accessions of mango.

Field gene bank planting

Seven hundred and seventy-two mango accessions were maintained in field gene bank and gaps were filled with 24 regenerated accessions during the reporting period.

संकरण

वर्ष 2016 के दौरान 15 क्रॉस संयोजन के द्वारा 51546 फूलों को 14050 पुष्पगुच्छों पर क्रॉस कराया गया (तालिका 1)। वर्ष 2015 में संकरण से 208 बीज प्राप्त हुए (तालिका 2)।

Hybridization

By using 15 cross combinations, 51546 flowers were crossed on 14050 panicles during 2016 flowering season (Table 1). A total of 208 F_1 stones were obtained from 18 cross combinations made during 2015 (Table 2).

तालिका 1. वर्ष 2016 के दौरान किया गया संकरण
Table 1. Hybridization carried out during 2016

क्र. सं. Sl. No.	क्रास संयोजन Cross Combinations	प्रयुक्त बौर की संख्या Number of panicles used	क्रास किये गये फूलों की संख्या Number of flowers crossed
1.	दशहरी x वनराज / Dashehari x Vanraj	2350	8736
2.	दशहरी x टामी एटकिन्स / Dashehari x Tommy Atkins	2650	10027
3.	दशहरी x सेनसेशन / Dashehari x Sensation	1850	7071
4.	आम्रपाली x सेनसेशन / Amrapali x Sensation	2550	9923
5.	अम्बिका x टामी एटकिन्स / Ambika x Tommy Atkins	600	1675
6.	अम्रपाली x इलायची / Amrapali x Elaichi	1400	5351
7.	आम्रपाली x टामी एटकिन्स / Amrapali x Tommy Atkins	700	2259
8.	नीलम x टामी एटकिन्स / Neelum x Tommy Atkins	650	2371
9.	नीलम x सेनसेशन / Neelum x Sensation	650	2200
10.	बैंगलोरा x सेनसेशन / Bangalora x Sensation	150	515
11.	बैंगलोरा x टामी एटकिन्स / Bangalora x Tommy Atkins	350	850
12.	आम्रपाली x एमएल–2 / Amrapali x ML-2	50	190
13.	आम्रपाली x एमएल–6 / Amrapali x ML-6	50	194
14.	13-1 x एमएल-2 / 13-1 x ML-2	25	95
15.	13-1 x एमएल-6 / 13-1 x ML-6	25	89
	योग / Total	**14050**	**51546**

संकर पौध स्थापना

तेरह संकर संयोजन से 114 संकर पौधे प्राप्त हुए जो कि प्रक्षेत्र में मूल्यांकन हेतु रोपित किये गये जिससे गुणवत्ता, बौनापन एवं मूलवृन्त हेतु अजैवकीय प्रतिरोधकता वाली किस्म का विकास किया जा सके।

Establishment of hybrids

One hundred fourteen mango hybrid seedlings were obtained from 13 hybrid combinations attempted in 2014 and were planted in field for evaluation of quality, peel colour, dwarfing and abiotic resistance traits for developing rootstock.

संकर पौधों का मूल्यांकन

चार सौ उन्तीस संकर पौधों का मूल्यांकन फल के वजन, लंबाई, चौड़ाई, मोटाई तथा छिलके के भार, गुठली के भार, गूदे का प्रतिशत, गुठली की लंबाई, मोटाई सहित संपूर्ण घुलनशील ठोस के लिए किया गया। आँकड़े बताते है कि 26 प्रतिशत संकर पौधों के फल 300 ग्राम से ज्यादा एवं 19 प्रतिशत फलों में संपूर्ण घुलनशील ठोस 20 °ब्रिक्स से ज्यादा पाया गया।

Evaluation of hybrids

Four hundred and twenty-nine hybrid seedlings were evaluated for fruit weight, length, width, thickness, peel weight, stone weight, pulp per cent, stone length, width, thickness and TSS. Data indicated that about 26 per cent of hybrids were more than 300 g in weight and about 19 per cent of the hybrids had TSS > 20 °B in the fruits.

तालिका 2. वर्ष 2015 के दौरान संकरण से उत्पन्न संकर पौधों के मूल्यांकन हेतु स्थापना
Table 2. Rearing of hybrid seedlings for evaluation from hybridization carried out during 2015

क्र. सं. Sl. No.	क्रास संयोजन Cross Combinations	प्रयुक्त बौरों की संख्या Number of panicles used	क्रास किये गये फूलों की संख्या Number of flowers crossed	प्राप्त किये गये फलों की संख्या Number of Fruits obtained	उगी हुई गुठलियों की संख्या Stones Germinated
1.	अम्बिका x 13-1 / Ambika x 13-1	200	499	-	-
2.	अम्बिका x टामी एटकिन्स / Ambika x Tommy Atkins	200	598	22	13
3.	आम्रपाली x 13-1 / Amrapali x 13-1	200	655	1	-
4.	आम्रपाली x इलायची / Amrapali x Elaichi	1350	4560	18	15
5.	आम्रपाली x सेनसेशन / Amrapali x Sensation	2250	7858	9	6
6.	आम्रपाली x टामी एटकिन्स / Amrapali x Tommy Atkins	2350	7743	65	51
7.	दशहरी x सेनसेशन / Dashehari x Sensation	2660	9550	1	-
8.	दशहरी x टामी एटकिन्स / Dashehari x Tommy Atkins	1760	5698	5	4
9.	दशहरी x वनराज / Dashehari x Vanraj	630	2426	-	-
10.	इलायची x आम्रपाली / Elaichi x Amrapali	700	1750	5	-
11.	इसी 95862 x 13-1 / EC 95862 x 13-1	150	415	-	-
12.	गोवा x 13-1 / Goa x 13-1	50	107	-	-
13.	नीलम x अम्बिका / Neelum x Ambika	800	2496	14	6
14.	नीलम x टामी एटकिन्स / Neelum x Tommy Atkins	1100	3451	47	16
15.	पहुटान x 13-1 / Pahutan x 13-1	300	821	3	1
16.	फिलीपिनो x 13-1 / Philipino x 13-1	150	426	-	-
17.	फिलीपिनो x टामी एटकिन्स / Philipino x Tommy Atkins	50	146	-	-
18.	स्टार्च x 13-1 / Starch x 13-1	100	252	-	-
	योग / Total	**15000**	**49451**	**190**	**112**

तालिका 3. विशिष्ट गुणों एवं अजैवकीय कारकों हेतु 2016 में प्रयासित क्रास संयोजन
Table 3. Cross combinations attempted during 2016 for selected traits and abiotic parameters

क्रास संयोजन Cross Combination	क्यू+सी Q+C	आरबी RB	डब्लूए WA	एबी AB	एमएफ MF
दशहरी × वनराज / Dashehari × Vanraj	+				
दशहरी × टामी एटकिन्स / Dashehari × Tommy Atkins	+	+	+		
दशहरी × सेनसेशन / Dashehari × Sensation	+	+	+		
आम्रपाली × सेनसेशन / Amrapali × Sensation	+	+	+		
अम्बिका × टामी एटकिन्स / Ambika × Tommy Atkins	+	+	+		
आम्रपाली × इलायची / Amrapali × Elaichi					+
आम्रपाली × टामी एटकिन्स / Amrapali × Tommy Atkins	+	+	+		
नीलम × टामी एटकिन्स / Neelum × Tommy Atkins	+	+	+		
नीलम × सेनसेशन / Neelum × Sensation	+	+	+		
बैंगलोरा × सेनसेशन / Bangalora × Sensation	+	+	+		
बैंगलोरा × टामी एटकिन्स / Bangalora × Tommy Atkins	+	+	+		
आम्रपाली × एमएल-2 / Amrapali × ML-2				+	
आम्रपाली × एमएल-6 / Amrapali × ML-6				+	
13-1 × एमएल -2 / 13-1 × ML-2				+	
13-1 × एमएल -6 / 13-1 × ML-6				+	

Q+C= फलों का रंग एवं गुणवत्ता / Quality & Coloure of Fruits, RB= नियमित फलन / Regular Bearing. AB= अजैवकीय प्रतिरोधिता / Abiotic Stress (Salt induced), WA=वृहत अनुकूलन / Wider Adaptability, MF= गुम्मा रोग प्रतिरोधिता / Malformation Resistance

आम के जनन द्रव्यों की न्यूट्रास्यूटिकल प्रोफाइलिंग

आम की चालीस किस्मों के गूदे का जैव–रासायनिक यौगिकों सहित सकल एंटीऑक्सीडेंट, फिनॉल, फ्लेवनॉयड एवं कैरोटीनॉयड के लिए मूल्यांकन किया गया। कुल फिनॉल 33.19–234.72 मिग्रा गैलिक अम्ल समतुल्य प्रति 100 ग्राम (चित्र 1), कैरोटीनॉयड 1.3–11 मिग्रा प्रति 100 ग्राम (चित्र 2), एंटीऑक्सीडेंट 0.2–1.40 माइक्रोमोल ट्रोलॉक्स प्रति 100 ग्राम (चित्र 3) एवं फ्लेवनॉयड 4–37 मिग्रा केवर्सिटीन समतुल्य प्रति 100 ग्राम (चित्र 4) मापी गयी। गूदे के रंग के लिए L* मूल्य 42.13–42.15 a* मूल्य 3.09–21.11 एवं b* मूल्य 28.95–51.14 पाया गया। फिनॉल सर्वाधिक अल्फांसों में (234.72 मिग्रा प्रति 100 ग्राम) जबकि यह मात्रा बैंगलोरा में यह न्यूनतम (33.19 मिग्रा प्रति 100 ग्राम) थी। आम्रपाली में प्रचुर मात्रा में फ्लेवनॉयड एवं कैरोटीनॉयड (37.07 क्यू ई एवं 10.37 मिग्रा प्रति 100 ग्राम क्रमशः) पाया गया। आम की किस्म विलियों में न्यूनतम फ्लेवनॉयड (4.40 मिग्रा प्रति 100 ग्राम), फजरी में न्यूनतम कैरोटीनॉयड (1.83 मिग्रा प्रति 100 ग्राम) पाया गया। लंगड़ा में एंटीऑक्सीडेंट अधिकतम (1.51 माइक्रोमोल ट्रोलोक्स प्रति 100 ग्राम) जबकि पैरी में यह न्यूनतम (0.24 माइक्रोमोल ट्रोलोक्स प्रति 100 ग्राम) था।

Profiling of major nutraceuticals in mango germplasm

Pulp of forty mango varieties were analysed for total antioxidants, total phenols, total flavonoids and total carotenoids. Total phenol content ranged from 33.19-234.72 mg gallic acid equivalent/100 g (Fig. 1), total carotenoids 1.3–11.0 mg/100 g (Fig. 2), total antioxidants 0.2–1.4 µmol Trolox/100 g (Fig. 3) and total flavonoids 4–37 mg quercetin equivalent/100 g (Fig. 4). The CIE L*, a* and b* values were measured for fruit pulp colour. L* values ranged from 42.13 to 62.15, a* values from 3.09 to 21.19 and b* values from 28.95 to 57.64. Alphonso recorded highest phenol content (234.72 mg/100 g of pulp) whereas, Bangalora contained least phenol (33.19 mg/100 g). Amrapali was found to be very rich in flavonoids as well as total carotenoids content (37.07 QE and 10.37 mg/100 g, respectively). Mango cultivar Vellio recorded least flavonoids (4.40 mg/100 g) whereas, Fazri had very low total carotenoids (1.83 mg/100 g). The total antioxidant activity was highest in Langra (1.51 µmol Trolox/100 g) whereas, Pairi recorded least amount of total antioxidant activity (0.24 µmol Trolox/100 g).



1: 13-1, 2: Alphonso, 3: Ambika, 4: Amin Khurd, 5: Amrapali, 6: Arunika, 7: Banganpalli , 8: Banglawala, 9: Bangalora, 10: Baramasi, 11: Bombay Green, 12: Dashehari, 13: Elaichi, 14: Fazri, 15: Gilas, 16: Gourjeet, 17: Gulabkhas, 18: Himsagar, 19: Kensington, 20: Kesar, 21: Kitchner, 22: Langra, 23: Lucknow Safeda, 24: Mallika, 25: Mankhrad, 26: Moovandan, 27: Mulgoa, 28: Neeluddin, 29: Neelum, 30: Nisar Pasand, 31: Pairi, 32: Pusa Arunima, 33: Sangam, 34: Sharad Bhog, 35: Sindhu, 36: Surkha Burma, 37: Tommy Atkins, 38: Vanraj, 39: Vellio, 40: Zardalu

चित्र 1. विभिन्न आम की किस्मों में कुल फिनॉल में विविधता
Fig. 1. The variability of total phenols in different cultivars of mango



चित्र 2. आम की विभिन्न किस्मों में कुल कैरोटिनायड
चित्र 3. आम की विभिन्न किस्मों में कुल एन्टीआक्सीडेंट
चित्र 4. आम की विभिन्न किस्मों में कुल फ्लेवनायड

Fig. 2. Total carotenoids in different cultivars of mango
Fig. 3. Total antioxidant activity in different cultivars of mango
Fig. 4. Total Flavonoids in different cultivars of mango

आम की बारह किस्मों के छिलकों का जैव रासायनिक यौगिकों के मूल्यांकन करने पर पाया गया की छिलकों में एंटीऑक्सीडेंट एवं अन्य यौगिक, गूदे की तुलना में 3–4 गुना अधिक होते है। फिनॉल जहाँ 290–399.5 मिग्रा गैलिक अम्ल समतुल्य प्रति 100 ग्राम था, फ्लेवनॉयड 76.8 मिग्रा केवर्सिटीन समतुल्य 100 ग्राम, एंटीऑक्सीडेंट 1.34–5.6 माइक्रोमोल ट्रोलोक्स प्रति 100 ग्राम था वही कैरोटीनॉयड भी 2.2–8.9 मिग्रा प्रति 100 ग्राम छिल्का पाया गया।

The peel of twelve commercial mango varieties, analysed for different biochemical compounds, revealed that it contains 3-4 times higher biochemical components compared to pulp. Total phenol content ranged from 290 to 399.5 mg GAE/100 g, total flavonoids 76.8 to 310 mg QE/100 g, total antioxidants 1.34 to 5.6 µmol Trolox/100 g and total carotenoids varied between 2.2 to 8.9 mg/100 g of peel.

मैपिंग पापुलेशन की जीनोटाइपिंग

इन सिलिको एसएसआर खनन और मैपिंग का सत्यापन

एस.एस.आर की पहचान प्रतिलेख सीक्वेसों द्वारा की गयी तथा 3000 से अधिक प्रतिलेख सीक्वेंसो की पहचान की गयी, जिनमें एस.एस.आर. धारक सीक्वेंस उपस्थित थे, जो कि प्रयोगशाला में बहुरूपता सर्वेक्षण के लिए सत्यापित किये गए (चित्र 5 एवं 6)।

Genotyping of mapping population

In silico SSR mining and its validation for mapping

SSR were identified from transcript sequences and more than 3000 SSR containing sequences were identified with 150 bp flanking sequences, these have been validated in laboratory and used for polymorphism survey (Fig. 5 & 6).



चित्र 5. इएसटी–एसएसआर प्राइमर का सत्यापन

Fig. 5. Validation of EST-SSR primers

(A= SSR 2, B= SSR 4, C=SSR 6, D= SSR 7, E= SSR 1, F= SSR 3, G= SSR 11, H= SSR 12, I=SSR 21, J= SSR 22, K= SSR 17, L= SSR 20, M=SSR 15, N= SSR 16 , O= SSR 23)



चित्र 6. विभिन्न रिपीट टाइप वर्गों का वितरण

Fig. 6. Distribution to different repeat type classes

आम के गुम्मा रोग के लिए मैपिंग पापुलेशन का विकास

दशहरी में गुम्मा रोग प्रतिरोध के लिए 950 पुष्पगुच्छों (दशहरी x इलायची) का प्रयोग किया गया, जिससे कि 45 फलों की प्राप्ति हुयी। आणविक विश्लेषण करने के लिए वानस्पतिक गुम्मा के डीएनए और आरएनए को पृथक किया गया। *फ्यूजेरियम मैन्जीफेरी* के आई.टी.एस क्षेत्रों के जीन से मार्कर का विकास किया गया और ए. एफ.एल.पी. तथा आई.टी.एस. मार्कर के प्रयोग से पाया गया कि पुष्पीय गुम्मा रोग वाले बौर में *एफ. मैंजीफेरी* उपस्थित था (चित्र 7 एवं 8)।



चित्र 7. प्रथम चक्र पी.सी.आर हेतु आई.टी.एस. 1 एवं द्वितीय चक्र आर.डी.3 एफ.आर.डी.3 आर. लेन 1: गुम्मा रोग ग्रस्त ऊतक, लेन 2 : गुम्मा रोग रहित

Fig. 7. ITS1 and ITS4 for first round of PCR and RD3FRD3R for second round of PCR. Lane 1: mango malformed tissue, Lane 2: non malformed and Lane N: dH_2O

Development of mapping population for mango malformation disease

Nine hundred fifty panicles have been used for incorporating MMD resistance in Dashehari (Dashehari x Elaichi) using more than 300 flowers. More than 45 fruits have set. Vegetative malformed buds and panicles were used for isolating DNA and RNA towards molecular analysis. Genes targeting ITS regions of *Fusarium mangiferae* were used for marker development, which were able to correlate the presence of *F. mangiferae* in floral malformation by using AFLP and ITS derived specific primers (Fig. 7 & 8).



चित्र 8. ए.एफ 1 एफ ए एफ 1 आर द्वारा *फ्यूजेरियम मैंन्जीफेरी* का पी.सी.आर. एम्प्लीफिकेशन

Fig. 8. PCR amplification of *F. mangiferae* using AF1FAF1R (Lane 1, 2, 3) and RD3F-RD3R (Lane 4, 5, 6). 1, 2, 4, 5: MMD and Lane 3, 6: Control.

आम के छिलके के रंग हेतु प्रत्याशी जीनों की पहचान

सीक्वेंसों की प्राप्ति, जैव सूचना विश्लेषण, प्राइमर डिजाइन और आम के छिलके में फल रंग जीनों का अभिव्यक्ति विश्लेषण इक्कीस रंग के लिए जिम्मेदार जीन जो कि फिनाइल प्रोपनोइड/एंथोसायनिन जैव संश्लेषण में शामिल हैं, की पहचान दो आम की किस्मों की (आम्रपाली और चौसा) पूर्ण प्रतिलिपि जानकारी से की गयी। इन जीनों में, चालकोन सिंथेस (3 समरूप), चालकोन आइसोमिरेज (6 समरूप) एवं फ्लावोनोल सिंथेस (2 समरूप) की पहचान की गयी (चित्र 9)।

Identification of candidate genes for peel colour in mango

Sequence retrieval, bioinformatics analysis, primer designing and expression analysis of fruit colour gene in mango peel revealed that twenty one colouring genes involved in phenylpropanoid/ anthocyanin biosynthesis were identified from RNA sequence data of two mango cultivars (Amprapali and Chausa). Among these genes, different isoforms of several genes including chalcone synthase (3 isoforms), chalcone isomerase (6 isoforms) and flavonol synthase (2 isoforms) were identified (Fig. 9).



चित्र 9. विभिन्न आम किस्मों में छिलके के रंग के जीनों की अभिव्यक्ति
Fig. 9. Expression of genes involved in fruit peel colour in different mango varieties

छिलके के रंग हेतु लक्षित जीनों की अभिव्यक्ति विश्लेषण

परिणामों से संकेत मिला कि अधिकतर जीनों, *पी.ए.एल., सी.3एच., सी.4एच., एफ.3एच., एफ.3एम.ओ., एफ.एल.एस. ए.एन.आर.* व *ए.एन.एस.* जो कि छिलकों के रंग में सम्मिलित हैं की अभिव्यक्ति लाल रंग के आमों की किस्मों (अरूनिका, अंबिका और टॉमी एटकिंस) में अधिक पायी गयी। इन जीनों की अभिव्यक्ति क्रमशः लाल, पीले (एच–4257) तथा हरे (आम्रपाली व बोम्बे ग्रीन) आम की किस्मों में विभिन्न रूपों में पायी गयीं, जो कि सीधे रूप में इनके रंग द्रव्य एकत्रण में सम्मिलित होने को दर्शाता है।

विभिन्न सहरूपों की अभिव्यक्ति की तुलना

चयनित किस्मों में चालकोन सिंथेस व आइसोमेरेज के विभिन्न सहरूपों का अभिव्यक्ति स्तर ये दर्शाता है कि, चालकोन सिंथेस–1 व चालकोन सिंथेस–3 की तुलना में चालकोन सिंथेस–2 अधिक क्रियाशील होता है। जबकि, चालकोन आइसोमेरेज में चालकोन आइसोमेरेज–1 व चालकोन आइसोमेरेज–3 सबसे कम क्रियाशील होता है तथा चालकोन आइसोमेरेज–2, चालकोन आइसोमेरेज–4 व चालकोन आइसोमेरेज–6 की तुलना में चालकोन आइसोमेरेज–5 अधिक क्रियाशील होता है (चित्र 10)।

Expression analysis of targeted peel colour genes

Result indicated high expression of maximum number of genes including *PAL, C3H, C4H, F3H, F3MO, FLS ANR* and *ANS* involved in peel colour was associated with increased anthocyanin accumulation in the peel of red coloured mangoes (Arunika, Ambika and Tommy Atkins). These genes were differently expressed in different fruit peel colour *viz.*, red, yellow (H-4257) and green (Amrapali and Bombay Green) genotypes which suggests that they are directly involved in pigment accumulation.

Comparison of transcript among various isoforms

Transcript level comparison among different isoforms of chalcone synthase and isomerase in the selected cultivars showed that chalcone synthase 2 (*MiCHS2*) is the most active isoform across the varieties as compared to *MiCHS1* and *MiCHS3*. While in case of chalcone isomerase, *MiCHI1* and *MiCHI3* are the least active and *MiCHI2*, *MiCHI4* and *MiCHI6* are more active isoforms after *MiCHI5*, which shows highest activity in all the selected cultivars (Fig. 10).



चित्र 10. चालकोन सिथेंस एवं चालकोन आइसोमेरेज समरूपों की अभिव्यक्ति
Fig. 10. Relative expression among isoforms of chalcone synthase and chalcone isomerase

सी.पी.एस.एस.आर. चिन्हक द्वारा आम में विविधता का विश्लेषण

सी.पी.एस.एस.आर. चिन्हक एक जनकीय तथा गैर पुनः संयोजक अधिकार है। आम की 28 विभिन्न किस्मों में 20 सी.पी.एस.एस.आर. का उपयोग डी.एन.ए के एम्प्लीफिकेशन के लिए किया गया। जिससे 18 सी.पी.एस.एस.आर ने सभी 28 आम की किस्मों का डी.एन.ए ऐम्प्लीफिकेशन किया। औसत 1.5 एलील की पहचान के साथ 27 विभिन्न ऐलिल प्राप्त हुए। 18 में से 7 सी.पी.एस.एस.आर ने 13 एलील संख्या के साथ बहुरूपी बैण्ड प्रस्तुत किए। इस जीनोटाइंपिंग के अध्ययन से सी.पी.डी.एन.ए. के आनुवंशिक विविधता के महत्वपूर्ण स्तर का पता चला। शैनन विविधता सूचकांक और जीन विविधता की भिन्नता 0.07–0.32 और 0.34–0.95, क्रमशः पाया गया। मार्कर सूचकांक और विभेदन शक्ति 0.04–2.14 और 0.07–1.71, क्रमशः के मध्य पायी गयी। सी.पी.एस.एस.आर. मार्कर के लक्षण और विविध आम जीनोटाइप में मूल्यांकन के लिए उपयुक्त हैं और प्रजातियों के साथ आनुवांशिक विविधता में कम अंतर है। परिणाम संकेत देते हैं कि दो आम किस्मों (सुकुल और हिमसागर) अन्य किस्मों से आनुवंशिक संबंध में दूर पाए गए। आम जीनोटाइप के समग्र विविधता के विश्लेषण से किस्मों के बीच कम अंतर (40 प्रतिशत) रहा (चित्र 11)।

Genotyping of mango diversity using cpSSR markers

Twenty cpSSR primer pairs were used to amplify DNA fragments from 28 diverse mango genotypes (Arunika, Ambika, Gulab Khas, Alphonso, Sukul, Himsagar, H-949, Mohan Bhog, Elaichi, Kala Pahar, Lucknow Safeda, Fernandin, Khasul Khas, Bathua, Sepia, Tomy Atkins, Kensington, Eldon, Philipino, Gilas, Keitt, Dashehari, Bappakai, Aminkhurd, Vellaikolamban, Banganpalli and Royal Special). Eighteen primers amplified fragments in all genotypes and a total of 27 alleles were identified with an average of 1.5 allele per locus. Seven out of 18 primer pairs showed polymorphic bands with one to three alleles. The genotypes revealed significant levels of cpDNA genetic diversity. Shannon diversity index and gene diversity varied from 0.07-0.32 and 0.34-0.95, respectively. Marker index and resolving power ranged between 0.04-2.14 and 0.07-1.71, respectively. cpSSR markers showed small difference in the genetic diversity with the species. Results indicated that two mango cultivars (Sukul and Himsagar) were found to be far distant in terms of genetic relatedness from other cultivars. Analysis of overall diversity of mango genotypes revealed small (40%) intra-species diversity (Fig. 11).



चित्र 11. आम के अभिगमनों में आनुवांशिक विविधता का डेन्डोग्राम द्वारा निरूपण
Fig. 11. Dendogram showing genetic diversity amongst mango genotypes

बहुभ्रूणीय आम के पौधों की स्काट द्वारा पहचान

बहुभ्रूणीय आम किस्म बप्पाकाई के जायगोटिक तथा न्यूसिलर पौधों में भेद करने के लिए 12 विभिन्न स्काट चिन्हक का उपयोग किया गया। यह न्यूसिलर पौधों के बीच भेद करने में सक्षम है तथा दशहरी किस्म जो कि एकल भ्रूणीय है को युग्मज नियंत्रण के रूप में लिया गया। स्काट 1, 2 एवं 74 चिन्हक यह भेद करने में सक्षम पाये गये (चित्र 12)।

Identifying mango plantlets (zygotic or nucellar) using SCoT

Twelve different ScoT markers were used to distinguish zygotic *vs* nucellar plant in the polyembryonic mango cultivar Bappakai while monoembryonic cultivar Dashehari was taken as zygotic control. Out of 12 SCoT primers used, SCoT-1, SCoT-2 and SCoT-74 were able to distinguish between zygotic and nucellar plants of Bappakai (Fig. 12).



चित्र 12. स्काट द्वारा आम के पौधों की पहचान
Fig. 12. Mango plantlet identification using SCoT
(D = दशहरी / Dashehari, MP = मातृ बप्पाकई / Mother Bappakai, A B C D = बीजू पौधे / Seedling plants)

आम पकने के दौरान ई.आर.एफ. तथा एक्सपैन्सिन जीनों का विश्लेषण

ई.आर.एफ. एथिलीन संकेत पारगमन मार्ग में प्रमोटर क्षेत्र के जीसीसी बॉक्स लक्ष्य जीनों की अभिव्यक्ति को विनियमित करते है। इस हेतु *ई.आर.एफ.* 7, *ई.आर.एफ.* 20, *ई.आर.*

Expression analysis of ERF and Expansin genes in mango ripening

ERFs regulate the expression of target genes in ethylene signal transduction pathway by binding to the GCC box in their promoter regions. Expression analysis of *ERF 7, ERF 20, ERF 50, ERF 70* and *ERF 83*, *expansin* and *expansin1a* genes was done by qRT-PCR during fruit ripening and jelly

एफ. 50, *ई.आर.एफ.* 70 और *ई.आर.एफ.* 83 सहित *एक्सपैन्सिन* एवं *एक्सपैन्सिन1ए* जीनों की अभिव्यक्ति देखी गई है। आम के फल पकने तथा जेली सीड अवस्था में *ई.आर.एफ.* 7, 20, 50, 70, 83 तथा *एक्सपैन्सिन* जीन फल पकने एवं जेली सीड अवस्था में ऊपर विनियमित पाये गये जबकि *एक्सपैन्सिन1ए* जेली सीड अवस्था में नीचे विनियमित था (चित्र 13)।

seed stage. Amplicons were subjected to the meltcurve analysis to check the specificity of the amplified products. The relative expression level of each gene was calculated by 2^{-Ct} and *EF1α* gene was used as housekeeping gene to normalize the amount of template cDNA added in each reaction. *ERF 7, ERF 20, ERF 50, ERF 70* and *ERF 83* and *expansin* genes were up-regulated during mango fruit ripening as well as jelly seed formation while *expansin 1á* was down-regulated at jelly seed stage (Fig. 13).



चित्र 13. ईआरएफ एवं *एक्सपैन्सिन* जीन का अभिव्यक्ति विश्लेषण
Fig. 13. Expression analysis of ERF and *Expansin* gene

अमरूद (*सीडीयम ग्वाजावा* एल.)

जनन द्रव्य संकलन, मूल्यांकन एवं प्रक्षेत्र जीन बैंक का रख–रखाव

संकलन

इलाहाबाद एवं कानपुर (उन्नाव, सुखेरलखेड़ा, बिठूर, कल्याणपुर, फतेहपुर, तिककनपुरवा) में सर्वेक्षण कर अमरूद के 28 जनन द्रव्यों को संकलित कर ग्राफ्ट किया गया। कर्नाटक से अर्का किरण, अर्का मृदुला, *सी. अराका* एवं त्रिचूर से *सी. गुनिज* को संकलित कर जीन बैंक में रोपित किया गया।

मूल्यांकन

30 किस्मों एवं संकर पौधों में फिनॉल एवं एस्कार्बिक अम्ल का विश्लेषण किया गया। लाइकोपीन को 17 गुलाबी गूदे वाली किस्मों एवं संकर में मापा गया। कुल फिनॉल 145–398 मिग्रा गैलिक अम्ल समतुल्य प्रति 100 ग्राम, कुल फ्लेवनॉयड 45–230 मिग्रा केरर्सिटीन समतुल्य प्रति 100 ग्राम एवं एंटीऑक्सीडेंट 1.2–4.1 माइक्रोमोल ट्रोलॉक्स प्रति 100 ग्राम पाया गया। लाइकोपीन 1.3–3.8 मिग्रा प्रति 100 ग्राम के मध्य सभी किस्मों में पाया गया। जहाँ सर्वाधिक एंटीऑक्सीडेंट सरदार में पाया गया वहीं न्यूनतम मकनपुर टाइप में दर्ज हुआ। फ्लोरिडा सीडलिंग में अधिकतम फिनॉल 398 मिग्रा गैलिक अम्ल समतुल्य प्रति

GUAVA (*Psidium guajava* L.)

Germplasm collection, evaluation and maintenance of field gene bank

Collection

Guava germplasm survey was carried out in Allahabad and Kanpur areas (Unnao, Sukheralkhera, Bithoor, Kalyanpur, Fathepur, Tikakanpurva). Twenty-eight germplasms were collected for different attributes and grafted. Arka Kiran, Arka Mridula and *Psidium araca* were collected from Karnataka and *P. guineese* was collected from Thrissur and planted in field gene bank.

Evaluation

Total phenols, total flavonoids and ascorbic acid were analyzed in 30 varieties and hybrids of guava. Lycopene content was estimated in 17 pink pulp varieties and hybrids. Among all the analyzed varieties and hybrids, the total phenol content ranged from 145-398 mg GAE/100 g, the total flavonoids varied from 45-230 mg QE/100 g, the total antioxidants varied from 1.2-4.1 µmol Trolox/100 g and the lycopene content ranged between 1.31-3.81 mg/100 g among different varieties and hybrids. Cultivar Sardar recorded the highest total antioxidants (4.0 µmol Trolox/100 g) and total flavonoids (230 mg QE/100 g). Makanpur Type has recorded the lowest total antioxidants content (1.6

100 ग्राम पाया गया। पर्पल गुआवा किस्म लाइकोपीन (3.81 मिग्रा प्रति 100 ग्राम) से भरपूर थी। इस अध्ययन से पोषण से भरपूर किस्मों को पहचानने में मदद मिलेगी।

अमरूद की दो किस्मों का लोकार्पण

अमरूद की दो नयी उन्नत किस्मों यथा धवल एवं लालिमा जो संस्थान द्वारा विकसित की गयी है, को माननीय राज्यपाल श्री राम नाईक ने 22 जून, 2015 को पर्यटन भवन, लखनऊ में राष्ट्र को लोकार्पित किया। इन किस्मों का विवरण निम्नवत् है।

धवलः यह एक अधिक उत्पादक (इलाहाबाद सफेदा से 20 प्रतिशत ज्यादा उपज) किस्म है, जिसके फल गोल, मध्यम से बड़े आकार के (200–250 ग्राम) होते है। यह इलाहाबाद सफेदा से हाफसिब चयन द्वारा विकसित की गयी है। विकसित फल पकने पर सफेद–हल्के पीले रंग के होते है। गूदा सफेद, मीठा, सुवास युक्त, संपूर्ण घुलनशील ठोस 13.4 °ब्रिक्स, अम्लता 0.42 प्रतिशत, विटामिन सी 250 मिग्रा प्रति 100 ग्राम से ज्यादा, बीज मुलायम एवं कम संख्या में तथा बीज भार 0.93 ग्राम प्रति 100 बीज होता है (चित्र 14)।

लालिमाः यह एप्पल ग्वावा से हाफसिब चयन विधि द्वारा विकसित की गयी। इसके फल आकर्षक, गहरी लालिमा युक्त, फल का अधिकाधिक भाग लाल, अच्छी उपज एवं ज्यादा दिन तक भण्डारित की जा सकती है। फल का वजन 190 ग्राम एवं संपूर्ण घुलनशील ठोस 13.7 °ब्रिक्स होता है (चित्र 14)।

µmol Trolox/100 g). Total phenols were found highest in cultivar Florida Seedling (400 mg GAE/100 g). The lycopene content was highest in Purple Guava (3.81 mg/100 g). This helps in identifying the nutritionally rich cultivars.

Release of two improved guava varieties

Two improved guava varieties *viz.*, Dhawal and Lalima developed by ICAR-CISH, Lucknow were released by Hon'ble Governor of Uttar Pradesh, Sri Ram Naik at Paryatan Bhawan, Lucknow on June 22, 2015. The predominant features of these varieties are as follows:

Dhawal: It is a heavy bearer (20% higher yield than Allahabad Safeda) with round, smooth, medium to large fruits (200-250 g). It is a half sib selection from Allahabad Safeda. Mature fruits develop whitish light yellow colour on ripening. Pulp is white, sweet in taste having muskiness, TSS 13.4 °B, acidity 0.42 per cent and vitamin-C more than 250 mg/100 g fruit. Seeds are soft, moderate in number and having 0.93 g/100 seed weight (Fig. 14).

Lalima: It is a selection from half-sib population from Apple Guava, having attractive crimson colour fruits, higher proportion of coloured fruit. Fruits have longer shelf life (weight 190 g and TSS 13.7 °B) (Fig. 14).

चित्र 14. अमरूद की किस्म धवल (A) एवं लालिमा (B) का लोकार्पण
Fig. 14. Release of guava varieties Dhawal (A) and Lalima (B)

अमरूद की किस्मों एवं प्रजाति की जीनोटाइपिंग

सात प्राइमरों एमएटीके, आरबीसीएल, आरपीएल16, टीआरएनएल, टीआरएनएच, एनडीएचएफ एवं आरपीओबी द्वारा अमरूद की प्रजाति (*सी. चाइनेंसिस, सी. फ्रेड्रिचैस्थालिएनम, सी. मोले, सी. ग्वाजावा* एवं किस्मों जैसे ललित, पर्पल गुआवा, पूसा सृजन, बेहट कोकोनट, एच.पी.एस.आई.–35, एच.पी.एस.आई–46 इत्यादि) से

Genotyping of guava species and cultivars

Chloroplast DNA was amplified using seven primers *viz.*, matK, rbcL, rpl16, trnL, trnH, ndhF and rpoB in different species and cultivars of guava (*P. chinensis, P. friedrichsthalianum*, *P. molle*, *P. guajava, P. cujavilis* and *P. guajava* cultivars such as Shweta, Lalit, Purple Guava, Pusa Srijan, Behat



चित्र 15. एस.एन.पी. की पहचान अमरूद में
Fig. 15. SNP detection in guava



चित्र 16. अमरूद में आनुवंशिक विभिन्नता का फाइलोजेनेटिक ट्री
Fig. 16. Phylogenetic tree for genetic diversity in guava

क्लोरोप्लास्ट डी.एन.ए. निकाला गया। पहचानी गयी एस.एन.पी. से पता चलता है की अमरूद में स्पेशिएशन ट्रांसमिशन की वजह से हुआ न की ट्रांसवर्शन की वजह से। फाईलोजेनेटिक ट्री से पता चला है कि अमरूद की अन्य प्रजाति जैसे *सी. मोले, सी. कुजावेलिस* एवं *सी. फ्रेड्रिचैस्थालिएनम* एक ही वर्ग में आते हैं (चित्र 15 एवं 16)।

उकठा प्रतिरोधी मूलवृंत का सूक्ष्म प्रवर्धन

उकठा प्रतिरोधी मूलवृंत के 3 सेमी लंबे प्ररोहो को मेटालाक्सिल + सैफेटैक्सिन + ट्विन–20 और 0.1 प्रतिशत मरक्यूरिक क्लोराइड से 8 मिनट उपचारित करके एम. एस. पोषक माध्यम में जिसमें 4 मिग्रा प्रति लीटर बी.ए.पी. पड़ी है में सवंर्धित करने से 2.6 सूक्ष्म प्ररोह *इन विट्रो* में प्राप्त हुए। इन प्ररोहो की पत्तियों को पुनः एम.एस. पोषक माध्यम (2,4–डी 2 मिग्रा प्रति लीटर + आई.ए.ए. 0.1 मिग्रा प्रति लीटर + एनएए 0.5 मिग्रा प्रति लीटर) में सवंर्धित कर कैलस का उत्पादन किया गया। इस कैलस से पौध बनने का कार्य प्रगति पर है (चित्र 17)।

Coconut, HPSI 35, HPSI 26, HPSI 46). Detected SNPs clearly revealed that speciation in *Psidium* could be attributed to transition rather than transversion. Phylogenetic tree revealed that species *P. molle, P. cujavilis* and *P. friedrichsthalianum* belonged to same group (Fig. 15 & 16).

Leaf callus mediated *in vitro* regeneration of wilt resistant rootstock

Three cm long nodal shoots of wilt resistant hybrid rootstock treated with Metalaxyl + Cefotaxime + Tween-20 for one hour followed by 0.1 per cent $HgCl_2$ for 8 minutes and inoculated on MS medium fortified with BAP at 4 mg/l induced maximum *in vitro* shoots (2.6). The *in vitro* leaves were cut along with mid rib and placed on MS medium fortified with 2,4-D 2 mg/l + IAA 0.1 mg/l + NAA 0.5 mg/l induced green friable callus in 70 per cent leafy explant (Fig. 17).

चित्र 17. उकठा प्रतिरोधी संकर मूलवृन्त की पत्तियों से कैलस उत्पादन
Fig. 17. Callus induction from leaf of wilt resistant hybrid rootstock

पपीता (*कैरिका पपाया* एल.)

प्राथमिक परजीनी पपीते का विकास

पपीते की किस्म पूसा डेलिशियस के 940 कायिक भ्रूणों को *एग्रोबैक्टीरियम ट्यूमिफेसियन्स* जिसमें कोट प्रोटीन जीन है, से संक्रमित किया गया जिसके फलस्वरूप 43 प्यूटेटिव पौधे मिले। इन पौधों से कुल 4 स्वतंत्र पराजीनी ईवेन्ट प्राप्त हुए, जिन्हें पीसी.आर एवं सीक्वेन्सिंग द्वारा सिद्ध किया गया। सीक्वेन्सिंग आँकड़े बताते हैं कि 99 प्रतिशत सीक्वेन्स समानता इन पौधों में देखी गयी। यह समानता कोट प्रोटीन के समकक्ष देखी गयी।

PAPAYA (*Carica papaya* L.)

Development of primary transgenic introgressed with *hp-cp* gene of PRSV

A total number of 940 globular embryos of papaya cv. Pusa Delicious were infected with *Agrobacterium tumefaciens* strain LBA4404 harboring marker free hairpin loop of truncated *cp* (341 bp) gene in a binary vector which resulted in to 43 putative transgenic papayas. A total number of four independent events of PRSV-*cp* positive transgenic papaya have been confirmed using PCR and sequence analysis. Sequencing data showed 99 per cent sequence similarity with PRSV-*cp* gene through BLAST analysis.



चित्र 18. पपीते के प्राथमिक पराजीनी पौधों एवं उनका पीसीआर एवं सीक्वेन्सिंग द्वारा विश्लेषण
Fig. 18. Generation of primary transgenic of papaya and molecular confirmation through PCR and sequencing

पर्ण कुंचन बीमारी से भौतिक, जैव रासायनिक एवं शरीर रचना में परिवर्तन

स्वस्थ एवं पर्ण कुंचन विषाणु द्वारा रोगग्रस्त पौध का विश्लेषण किया गया जिससे पता चला कि रोगग्रस्त पौधे में कई भौतिक–जैवरासायनिक एवं शरीर रचना में परिवर्तन हो जाते हैं। रोगग्रस्त पौधे में जहाँ प्रकाश संश्लेषण की दर कम हुई वहीं वाष्पोत्सर्जन एवं स्टोमेटा का प्रवाहकत्व भी कम होता गया। विषाणु ने पौध की जल उपयोग क्षमता को भी कम कर दिया। बीमार पत्तियों में क्लोरोफिल की मात्रा घट गयी। स्वस्थ पत्ती की तुलना में रोगग्रस्त

Physiological, biochemical and anatomical changes in papaya as induced by leaf curl virus (PaLCuV) infection

It was found that leaf curl virus infection reduced the water use efficiency gradually from early stage to later stage. Infected leaves had reduced chlorophyll content. Leaves of infected plants showed proline concentration enhancement to the tune of 34.15 per cent compared to healthy. The net photosynthetic rate of infected leaves decreased at later stage of infection. Transpiration rate (E) and stomatal conductance (g_s) of infected leaves increased slightly at early stage (2-3 week) of



चित्र 19. स्वस्थ पत्ती (A) एवं पर्णकुंचन रोग से संक्रमित पत्ती (G) का एसईएम विश्लेषण
Fig. 19. Comparative SEM analysis of controlled healthy papaya leaf (A) with leaf curl disease infected papaya leaf (G)

पत्ती में प्रोलीन की सांद्रता 34.15 प्रतिशत बढ़ गयी। पत्ती की मध्य शिरा को स्कैनिंग इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप द्वारा विश्लेषण करने पर पता चला कि रोगग्रस्त पत्ती में ढीले ऊतक थे, वेनल क्षेत्र में अंतर था, साथ ही ट्राइकोम अनुपस्थित थे, बल्कि पतले रेशे की भाँति संरचनाएं पायी गयी (चित्र 19)।

आँवला (*एम्बलिका औफिसिनेलिस* गर्टन.)

जनन द्रव्य मूल्यांकन

मध्य प्रदेश से एकत्रित आँवला के पन्द्रह अभिगमनों का उपज एवं गुणवत्ता हेतु मूल्यांकन किया गया। सबसे ज्यादा उपज (55.10 किग्रा प्रति पेड़) अभिगमन सी.आई. एस.एच. ए–33 तदुपरान्त सी.आई.एस.एच. ए–31 एवं सी. आई.एस.एच. ए–3 में पायी गयी (40.10 किग्रा प्रति पेड़)। अभिगमन सी.आई.एस.एच. ए–19, सी.आई.एस.एच. ए–27, सी.आई.एस.एच. ए–33 एवं जाँच किस्म नरेन्द्र आँवला–7 के फलों का वजन 30 ग्राम से अधिक पाया गया। सबसे अधिक एस्कार्बिक एसिड (410.13 मिग्रा प्रति ग्राम गूदा), अभिगमन सी.आई.एस.एच. ए–37 तदुपरान्त सी.आई.एस. एच. ए–31 (418.12 मिग्रा प्रति ग्राम) में पायी गयी। सबसे अधिक पालीफिनाल की मात्रा (1.71 ग्राम टी.ए.ई. प्रति 100 ग्राम) अभिगमन सी.आई.एस.एच. ए–31 में पायी गयी। सबसे अधिक एन्टीआक्सीडेंट (235.76 मिग्रा प्रति 100 ग्राम), सी.आई.एस.एच. ए–33 में, उसके पश्चात सी. आई.एस.एच. ए–15 (226.0 मिग्रा प्रति 100 ग्राम) में पायी गयी।

infection, but decreased from the 4th week of infection. The leaf midrib analysis at 2000X magnification (SEM) revealed that in healthy leaf the cells were normal in appearance with smooth, flaccid and intact veinal structure as compared to infected leaf midrib which showed a coarse structure with loosened tissue and gaps found in the veinal area (Fig. 19).

AONLA (*Emblica officinalis* Gaertn.)

Germplasm evaluation

Fifteen accessions collected from Madhya Pradesh were evaluated for yield and quality. Highest fruit yield (55.10 kg/tree) was recorded in accession CISH A-33 followed by CISH A-31 and CISH A-3 (40.10 kg/tree each) while minimum yield (9.10 kg/tree) was recorded in cv. NA-6. The accessions, CISH A-19, CISH A-27, CISH A-33 and check cv. NA-7 recorded higher fruit weight (> 30.0 g). Highest ascorbic acid content (490.13 mg/100 g pulp) was recorded in accessions CISH A-33 followed by CISH A-31 (418.12 mg/100 g). Highest polyphenols content (1.71 g TAE/100 g) was recorded in accession CISH A-33 followed by CISH A-31. The antioxidant activity (FRAP) ranged from 105.12 to 235.76 mg/100 g among the different accessions with highest (235.76 mg/100 g) in accession CISH A-33 followed by CISH A-15 (226.08 mg/100 g).

बेल (*ईगल मार्मेलोस* कोरिया)

जननद्रव्य का मूल्यांकन

बेल के छत्तीस अभिगमनों में बारह अभिगमनों में फलत प्राप्त हुई एवं फलों को भौतिक एवं रासायनिक गुणवत्ता हेतु जाँचा गया। जाँच उपरान्त विभिन्न भौतिक गुणों की रेंज जैसे फल वजन (0.88–2.55 किग्रा), आकार (गोल से अण्डाकार), फलों की ऊँचाई (9.76–17.62 सेमी.), फलों का व्यास (33.18–58.12 सेमी), फलों में बीजों की थैली (11.00–15.43), फल के बाहरी कवच का वजन (0.24–0.58 किग्रा), बाह्य कवच की मोटाई (1.43–4.60 मिमी), बीजों की संख्या (67.33–115.33), बीजों का वजन (3.86–14.60 ग्राम) एवं उपज (7.28–28.05 किग्रा प्रति पेड़) में अंतर पाया गया। फलों में रसायनिक संधर की रेंज जैसे गूदे का वजन (0.51–0.92 किग्रा), संपूर्ण घुलनशील ठोस. (33.46–42.45 °ब्रिक्स), अम्लता (0.39–0.57 प्रतिशत), विटामिन 'सी' (8.47–18.49 मिग्रा प्रति 100 ग्राम), कुल शर्करा (13.72–22.53 प्रतिशत), अपचायी शर्करा (7.43–10.74 प्रतिशत), अनुपचायी शर्करा (8.29–15.11 प्रतिशत), कुल कौरोटिनायड्स (1.64–2.79 मिग्रा प्रति 100 ग्राम) एवं टैनिन (2.22–3.79 प्रतिशत) तक पाये गये।

बीजू बेल के पौधों का मूल्यांकन

बेल के 125 बीजू पौधे का मूल्यांकन किया गया। जिनमें पौधों की लंबाई (2.90–7.80 मी), पौधे की मोटाई (15–65 सेमी), पूरब पश्चिम पौधों का फैलाव (1.7–7.1 मी), उत्तर दक्षिण फैलाव (1.1–6.4 मी) एवं पौधों की उपज (10–51 किग्रा प्रति पेड़) में विभिन्नता पायी गयी। फलों की भौतिक गुणवत्ता वाले कारकों की रेंज जैसे फलों के वजन (1.57–4.25 किग्रा), फलों की ऊँचाई (7.83–14.43 सेमी) एवं फलों के व्यास (31.16–46.33 सेमी) में भिन्नता पायी गयी। फलों के रासायनिक घटक जैसे संपूर्ण घुलनशील ठोस (32.2–38.96 °ब्रिक्स), कुल शर्करा (12.13–18.51 प्रतिशत) एवं अपचायी शर्करा (6.18–9.23 प्रतिशत) विभिन्न बीज अभिगमनों में पायी गयी।

जामुन (*सीजीजियम कुमिनाई* स्कील)

सी.आई.एस.एच. जे–37 की लंबाई सबसे ज्यादा (4.75 मी) जबकि सी.आई.एस.एच. जे–42 सबसे कम (3.5 मी) मापी गयी। पूरब पश्चिम में छत्रक का फैलाव 3.08–6.20 मी तथा उत्तर–दक्षिण में 3.00–7.15 मी. मापा गया। दो गाँठ के मध्य अधिकाधिक लंबाई अभिगमन सी.आई.एस.एच. जे–34 (7.6 सेमी) एवं सबसे कम गोमा प्रियंका में

BAEL (*Aegle marmelos* Correa)

Germplasm evaluation

Thirty-six accessions were multiplied through vegetative propagation and planted in the field gene bank for evaluation. Twelve accessions came to fruiting and fruits were analyzed for physico-chemical parameters. The ranges in different parameters among the different accessions were fruit weight (0.88-2.55 kg), shape (round to oblong), fruit length (9.76-17.62 cm), fruit circumference (33.18-58.12 cm), number of seed sacs (11.00-15.43), shell weight (0.24-0.58 kg), shell thickness (1.43-4.60 mm), number of seeds (67.33-115.33), seed weight (3.86-14.60 g), pulp weight (0.51-0.92 kg), fruit yield (7.28-28.05 kg/plant), TSS (33.46-42.45 °B), titratable acidity (0.39-0.57%), ascorbic acid (8.47-18.49 mg/100 g pulp), total sugar (13.72-22.53%), reducing sugars (7.43-10.74%), non-reducing sugars (8.29-15.11%), total carotenoids (1.64-2.79 mg/100 g pulp) and tannins (2.22-3.79%).

Evaluation of seedlings

A total number of 125 seedlings raised from promising bael accessions were planted during the year 2003. The plant height varied from 2.90-7.80 m, girth from 15-65 cm, plant spread from 1.7-7.1 m (E-W) and 1.1-6.4 m (N-S) and fruit yield from 10-51 kg/plant. The fruit weight varied from 1.57-4.25 kg along with length (7.83-14.43 cm) and fruit circumference (31.16-46.33 cm). The biochemical parameters like TSS (32.2-38.96 °B), total sugar (12.13-18.51%) and reducing sugars (6.18-9.23%) varied among the different seedlings.

JAMUN (*Syzygium cumini* Skeels)

Maximum plant height was recorded in CISH J–37 (4.75 m) and minimum in CISH J–42 (3.50 m). The tree canopy in E-W and N-S direction was recorded in the range of 3.08–6.20 m and 3.00–7.15 m, respectively. The maximum internodal length was estimated in accession CISH J–34 (7.6 cm) while the minimum internodal length was recorded in Goma Prianka (5.40 cm). The data on physico-chemical

(5.4 सेमी) मापी गयी। सी.आई.एस.एच. जे–37 में सर्वाधिक फल वजन (23 ग्राम), सर्वाधिक फल लंबाई सी.आई.एस. एच. जे–576 (4.3 सेमी), सर्वाधिक फल चौड़ाई (2.90 सेमी) सी.आई.एस.एच. जे–37 में पायी गयी। सी.आई.एस. एच. जे–42 में सर्वाधिक गूदा (98.76 प्रतिशत) पाया गया। सी.आई.एस.एच. जे–36 में सबसे कम गुठली भार पाया गया (1.70 ग्राम)। सर्वाधिक गुठली भार सी.आई. एस.एच. जे–35 (2.5 ग्राम) पाया गया। सी.आई.एस.एच. जे–37 में सर्वाधिक गूदा वजन एवं गूदा सामग्री पायी गयी। (21.25 ग्राम एवं 92.39 प्रतिशत)। सर्वाधिक टीएसएस सी.आई.एस.एच. जे–37 में (16 ^{o}ब्रिक्स) पाया गया। सर्वाधिक उपज सी.आई.एस.एच. जे–37 एवं 35 (55 एवं 49.49 किग्रा. प्रति पेड़ क्रमशः) प्राप्त हुयी।

attributes revealed that highest fruit weight was in CISH J-37 (23.0 g). CISH J-576 (4.30 cm) produced the maximum fruit length, whereas, maximum fruit breadth was observed in CISH J-37 (2.90 cm). The fruit size ranged from 4.97 to 11.89 cm while the length:breadth ratio of the fruit varied in the range of 1.24 to 1.76 among different accessions/varieties. Seedless accession CISH J-42 showed highest pulp content (98.76%). The minimum seed weight was noticed in CISH J-36 (1.70 g), whereas, maximum seed weight was recorded in CISH J-35 (2.50 g). The pulp weight (5.79-21.25 g) and pulp content (79.16-92.39%) also varied. The maximum pulp weight and pulp content was noticed in CISH J-37 (21.25 g and 92.39%, respectively). The maximum TSS was recorded in CISH J-37 (16.00 °B). The maximum fruit yield was estimated in CISH J-37 and CISH J-35 (55.0 and 49.49 kg/plant, respectively).

फसल उत्पादन
Crop Production

आम (*मैंजीफेरा इंडिका* एल.)

आम में सौर विकिरण का अध्ययन

अतः व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण आम की छः प्रजातियों (लंगड़ा, लखनऊ सफेदा, बाम्बेग्रीन, दशहरी, मल्लिका एवं आम्रपाली) के पेड़ों में सौर विकिरण के स्तर को नवम्बर 2015 से मार्च 2016 तक मापा गया। इन पेड़ों की ऊपरी सतह पर पड़ने वाले कुल सौर विकिरण का केवल 13.61—48.72 प्रतिशत सीधा सौर विकिरण एवं 18.14—40.04 प्रतिशत विसरित सौर विकिरण पेड़ के नीचे जमीन की सतह पर उपलब्ध था। पेड़ों की पत्ती क्षेत्र सूचकांक 0.199—2.376 पाया गया।

समेकित पौध पोषण प्रबंधन

अफलत वर्ष के दौरान एन.पी.के. + जिंक, कॉपर, मैंगनीज एवं बोरॉन (50 प्रतिशत मृदा उपचार + 50 प्रतिशत पर्णीय छिड़काव) से अधिकतम उपज (5.04 टन प्रति पेड़) प्राप्त हुयी जो कि मानक उपचार (2.50 टन प्रति हेक्टेयर) की तुलना में अधिक थी। विभिन्न उपचारों से फलों में एस्कार्बिक अम्ल की मात्रा 29.46 एवं 37.03 मिग्रा प्रति 100 ग्राम के बीच रही। सूक्ष्म पोषक तत्वों से युक्त उपचारों से फलों में एस्कार्बिक अम्ल की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी और उसकी अधिकतम मात्रा सूक्ष्म पोषक तत्वों के पर्णीय छिड़काव के फलस्वरूप प्राप्त हुई। मृदा की ऊपरी सतह (0—25 सेमी) में नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटैशियम की उपलब्ध मात्रा पर सभी उपचारों का सकारात्मक प्रभाव देखा गया तथा सभी उपचारों में इनकी मात्रा क्रमशः 67.7 — 89.6, 19.0 — 24.9 एवं 120.4 — 183.6 पी.पी.एम. पायी गयी। मृदा में डी.टी.पी.ए. उत्कर्षणीय मैंगनीज, जिंक एवं कॉपर की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि पायी गयी। इनकी मात्रा क्रमशः 10.8—16.28, 1.06—1.75, 3.61—6.51 पी.पी.एम. रिकार्ड की गयी। कॉपर की अधिकतम मात्रा (6.51 पी.पी.एम.) एन.पी.के. + गोबर की खाद + मैंगनीज, जिंक, कॉपर एवं बोरॉन (मृदा उपचार) में तथा जिंक एवं मैंगनीज की अधिकतम मात्रा क्रमशः एन.पी.के.

Mango (*Mangifera indica* l.)

Studies on interception of solar radiation in mango

Light interception was measured in six commercial varieties of mango *viz*., Langra, Lucknow Safeda, Bombay Green, Dashehari, Mallika and Amrapali. Direct solar radiation reaching to the bottom of trees was found to vary from 13.61–48.72 per cent whereas, diffused solar radiation reaching to the bottom of trees was 18.14–40.04 per cent of the total solar radiation available above the trees in all the six cultivars. Leaf area index (LAI) of trees varied from 0.199–2.376.

Integrated plant nutrient management

Higher fruit yield (5.04 t/ha) of mango cv. Dashehari was recorded in the treatment NPK + Zn, Cu, Mn, B (50% soil + 50% foliar application) over control (2.50 t/ha) during off year. Ascorbic acid content in the fruits ranged from 29.46-37.03 mg/100 g in different treatments. The treatments incorporating micronutrients recorded significantly higher ascorbic acid content in the pulp over control. Significant positive effect on available N, P and K content over control on surface soil (0-25 cm) was recorded in all the treatments which ranged from 67.7-89.6, 19.0-24.9 and 120.4-183.6 ppm, respectively. DTPA extractable Mn, Zn and Cu contents in the surface soil increased significantly. Nutrients in the soil ranged from 10.8-16.28, 1.06-1.75, 3.61-6.51 ppm, respectively. Higher Cu content (6.51 ppm) was found in the treatment NPK + FYM + Zn, Cu, Mn, B (soil application) whereas, highest buildup of Zn and Mn was recorded in NPK + Zn, Cu. B (soil application) and NPK + Zn, Cu, Mn, B (soil application), respectively. The leaf tissue analysis showed significant increase in Zn, Cu and

+ जिंक, कॉपर, बोरॉन (मृदा उपचार) एवं एन.पी.के. + जिंक, कॉपर, मैंगनीज, बोरॉन (मृदा उपचार) में दर्ज की गयी। पत्तियों में जिंक, कॉपर एवं बोरॉन की मात्रा में सभी उपचारों द्वारा मानक उपचार की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि पाई गयी। विभिन्न उपचारों के फलस्वरूप पत्तियों में उनकी सांद्रता क्रमशः 24.67 – 40.67, 23.00 – 45.33 तथा 15.30 – 47.43 पी.पी.एम. पाई गयी। इन पोषक तत्वों की अधिकतम सांद्रता एन.पी.के. + जिंक, कॉपर, मैंगनीज, बोरॉन (100 प्रतिशत पर्णीय छिड़काव) अथवा एन.पी.के. + जिंक, कॉपर, मैंगनीज, बोरॉन (50 प्रतिशत मृदा उपचार + 50 प्रतिशत पर्णीय छिड़काव) में देखी गयी। जिंक, कॉपर, बोरॉन का पर्णीय छिड़काव मृदा उपचार की तुलना में अधिक प्रभावशाली पाया गया।

मल्लिका के बाग में मृदा के गुणों का अध्ययन

बीस वर्ष पुराने मल्लिका के बाग से 0–60 सेमी की गहराई में 10 सेमी के अंतराल से मृदा का नमूना लिया गया और मृदा में पानी के धारण करने की क्षमता 19. 56–21.02 प्रतिशत एवं रंध्रता 35.18–44.35 प्रतिशत पायी गया। मृदा में जिंक, कॉपर, मैगनीज और लोहे की मात्रा क्रमशः 0.3–4.94, 0.26–8.18, 2.52–11.62 और 1.46–9.32 मिग्रा प्रति हेक्टेयर पाया गया। सर्वाधिक मृदा कार्बनिक कार्बन का मान 0.64 प्रतिशत तथा न्यूनतम 0.19 प्रतिशत विभिन्न दूरी के स्तर पर दर्ज किया गया। उसी प्रकार अधिकतम एवं न्यूनतम नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश की मात्रा क्रमशः 172.7–120.4, 29.0–5.47 और 178.0–111.2 मिग्रा प्रति किग्रा दर्ज किया गया। मृदा कार्बनिक कार्बन एवं नत्रजन की मात्रा पेड़ के अन्तर्स्थान में घास एवं गिरी हुई पत्तियों के कारण थोड़ा अधिक पाया गया। थाले एवं पेड़ के अन्तर्स्थान जिंक की मात्रा क्रमशः 2.11–14.85 और 1.63–15.16 किग्रा प्रति हेक्टेयर दर्ज किया गया। इसी प्रकार 2.77–28.19, 14.49–41.33 एवं 10.49–26.35 किग्रा प्रति हेक्टेयर कॉपर, मैगनीज एवं लोहा क्रमशः थालों में जबकि 1.74–20.36, 13.34–35.18 और 9.16–20.29 किग्रा प्रति हेक्टेयर अर्न्तस्थान पर पाया गया (चित्र 20)।

B concentration which ranged from 24.67-40.67, 23.00-45.33 and 15.30-47.43 ppm, respectively, across various treatments. Higher concentration was recorded in the treatment NPK + Zn, Cu, Mn, B (100% foliar spray) or NPK + Zn, Cu, Mn, B (50% foliar and 50% soil application). Foliar application of Zn, Cu and B was found to be a better option for maintaining higher leaf nutrient status *vis-a-vis* better nutrient use efficiency. Application of NPK maintained higher concentration in the leaf but the effect of the treatments was non-signifiant. Fe and Mn concentration in the leaf was in the optimum range and the treatments did not record any significant response.

Appraisal of some soil properties in Mallika orchard

Undisturbed core soil samples were collected at six vertical depths of 0-60 cm with interval of 10 cm both in basin and interspaces to study some soil properties in Mallika mango grown over 20 years. Water holding capacities of 19.56-21.02 per cent and porosity of 35.18-44.35 per cent were estimated across depths and spaces. A range of 0.3-4.94, 0.26-8.18, 2.52-11.62 and 1.46-9.32 mg/ha Zn, Cu, Mn and Fe was observed across depths and spaces. Highest value of soil organic carbon (SOC) was recorded as 0.64 per cent and lowest as 0.19 per cent across different spaces. Similarly, highest and lowest N, P and K were 172.7-120.4, 29.0-5.47 and 178-111.2 mg/kg, respectively. SOC and N contents were slightly higher in the interspaces because of the presence of grasses, leaf litter fall, etc. A range of 2.11-14.85 and 1.63-15.16 kg/ha Zn stock was calculated in both basin and interspaces. Similarly, 2.77-28.19, 14.49-41.33 and 10.49-26.35 kg/ha Cu, Mn and Fe stock was recorded in basin while in case of interspaces, the corresponding values were 1.74-20.36,13.34-35.18 and 9.16-20.29 kg/ha, respectively (Fig. 20).

आम आधारित फसल चक्र

दशहरी आम के बाग में विभिन्न अंतः फसलों यथा सब्जियां, कंदीय मसाले, शोभाकारी, पुष्पीय, औषधीय एवं सगंध फसलों को उगाकर लाभ का आंकलन किया गया। इन फसलों में से कुछ अंतः फसलें जैसे फर्न (*नेफ्रोलेपिस ट्यूबरोसा*), शतावरी (*एस्परेगस रेसिमोसस*) एवं गिनी घास (*पैनिकम मैक्सिमम*) अन्य फसलों की अपेक्षा बेहतर पायी गयी जबकि अन्य फसलें जैसे जिमीकंद *(एमार्फोफैलस प्योनीफोलियस*), हल्दी (*कुरकुमा लांगा*), आम हल्दी (*कुरकुमा अमाडा*), श्यामा हल्दी (*कुरकुमा केसिआ*) उपज एवं लाभ की दृष्टि से उतनी अच्छी नहीं रहीं हालांकि पौधों की वृद्धि पूर्ण संतोषजनक रही। अन्य फसलें जैसे सौंफ, मेथी, कलौंजी, धनिया, अजवाइन (मसालेवाली); अदरख, प्याज, लहसुन, पुदीना (मेंथाल मिंट), स्ट्राबेरी, पत्तागोभी, फूलगोभी, स्प्राउटिंग ब्रोकली, स्पाइडर लिली, गेंदा, अरवी विभिन्न कारणों से अच्छी पौध वृद्धि एवं उपज नहीं दे सकी। अतः ये फसलें आम के पुराने बागों में उगाने के लिये लाभप्रद नहीं पायी गयीं। आम के बागों में फर्न उगाकर प्रति हेक्टेयर 8,55,000 तक पत्तियाँ प्राप्त की जा सकती हैं। जिमीकंद एवं शतावरी से 7.6 टन प्रति

Mango based cropping systems

Various intercrops, *viz*., vegetables, tuber crops, seed spices, ornamental, flower, medicinal and aromatic crops were evaluated for their performance in association with fully grown trees of mango cv. Dashehari. The performance of crops like fern (*Nephrolepis tuberosa*), shatavari (*Asparagus racemosus*) and guinea grass (*Panicum maximum*) were found optimum in terms of productivity. Performance of crops like elephant's foot yam (*Amorphophallus* sp.), turmeric (*Curcuma longa*), mango ginger (*Curcuma amada*), black turmeric (*Curcuma caesia*) in terms of yield was poor, though growth was quite satisfactory. The crops like seed spices namely fennel (*Foeniculum vulgare*), fenugreek (*Trigonella* sp.), nigella/kalaunji (*Nigella sativa*), coriander (*Coriandrum sativum*), ajowain (*Trachyspermum ammi*) and other crops like ginger, onion, garlic, menthol mint, strawberry, cabbage, cauliflower, sprouting broccoli, spiderlily, marigold, colocasia failed to make proper growth and did not give any economical yield in association with mango trees. Fern (*Nephrolepis tuberosa*) produced 8,55,000 leaves per ha while elephant's



चित्र 20. आम की प्रजाति मल्लिका में सूक्ष्म पोषक तत्वों का भण्डार

Fig. 20. Micronutrient stock in mango cv. Mallika

हेक्टेयर एवं 5.7 टन प्रति हेक्टेयर तक घनकंद या कंदीय जड़ों की उपज प्राप्त हुई। यह वर्ष आम के लिये अनुकूल वर्ष न होने के कारण आम के फलों का उत्पादन काफी निराशाजनक रहा। विभिन्न अंतःफसलों के साथ आम का उत्पादन 1.75 से लेकर 9.6 किग्रा प्रति वृक्ष दर्ज़ किया गया। विभिन्न अंतःफसलों के कारण फलों के आकार जो कि 154.25 से लेकर 276 ग्राम तक था, पर कोई खास असर नहीं दिखा। फलों में संपूर्ण घुलनशील ठोस 16.2 से 22.5 ^{0}ब्रिक्स, अम्लता 0.09 से 0.141 प्रतिशत एवं विटामिन सी 14.37 से 24.43 मिग्रा प्रति 100 ग्राम गूदा पायी गयी। लाभ की दृष्टि से फर्न सबसे लाभकारी पाया गया।

दशहरी आम में फर्टीगेशन का सिड्यूलिंग

दशहरी में सर्वाधिक (80.4 किग्रा प्रति पेड़) उपज 100 प्रतिशत आर. डी. एफ. उपचार से प्राप्त किया गया परन्तु फल की गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। फल में एस्कार्बिक अम्ल की मात्रा 29.76 से 34.86 मिग्रा प्रति 100 ग्राम फल में प्राप्त हुआ। मृदा के 0–30 सेमी एवं 30–60 सेमी गहराई में पोषक तत्वों की मात्रा अधिक पायी गयी। पत्ती ऊतक पर उपचार का कोई प्रभाव नहीं पाया गया। इस दौरान अनुमानित ईटी$_0$ 0.91 से 7.66 मिमी प्रति दिन जनवरी से जुलाई 2015 तक पाया गया। 2015 की तुलना में 2016 में अधिक एवं कम दोनों ही दशा में वाष्पोत्सर्जन सर्वाधिक रहा। अंतिम तीन माह (जनवरी–मार्च) के दौरान यह अधिक दर्ज किया गया (चित्र 21 एवं 22)। ईटी$_0$ का मासिक आधार पर विश्लेषण करने पर पाया गया कि जनवरी–मार्च के माह में वाष्पोत्सर्जन एवं सूखा 2016 में 2015 की तुलना में अधिक दर्ज किया गया। इस दौरान टपक सिंचाई पद्धति में जल उपयोग क्षमता 6.55 –12.56 किग्रा प्रति मी^{3}, नियंत्रित की तुलना में अधिक पाया गया (चित्र 23)।

जीर्णोद्धारित आम के बाग में एन्जाइम की सक्रियता

आम के नये जीर्णोद्धारित किये गये बाग में एन्जाइम की सक्रियता के अध्ययन से पता चला कि दशहरी आम के सघन बाग 2.5 x 2.5, 2.5 x 5.0 एवं 5 x 5 मीटर की दूरी की मृदा में डी.एच.ए. एवं एफ.डी.ए. का औसत 0.93, 0.99, 1.17 माइक्रोग्राम टी.पी.एफ प्रति ग्राम प्रति घंटा एवं 448, 553, 873 मिग्रा, फ्लोरेसिन प्रति किग्रा. प्रति घंटा, क्रमशः डी.एच.ए. एवं एफ.डी.ए. दर्ज किया गया।

foot yam/zimikand and shatavari yielded 7.6 tonnes/ha and 5.7 tonnes/ha of corms and tuberous roots, respectively. Mango yield during the year was very poor due to off year, it ranged from 1.75 to 9.60 kg/tree in different treatments. Fruit size ranging from 154.25 to 276 g/fruit did not show any significant variation among treatments. Trees with very few fruits had larger fruit size. TSS, acidity and vitamin C content of fruits ranged in between 16.2 to 22.5 ^{o}B, 0.09 to 0.141 per cent and 14.37 to 24.43 g/100 g pulp, respectively. Fern was found to be the most compatible crop with mango in the orchard.

Fertigation scheduling in mango cv. Dashehari

Highest fruit yield (80.4 kg/tree) was recorded under 100% RDF treatment. Fruit quality parameters did not show any significant difference due to various treatments. A range of 29.76 to 34.86 mg/100 g ascorbic acid content was recorded. TSS and acidity of fruits remained unaffected. Significant differences in soil nutrients were inferred between depths (upper 0-30 cm and 30-60 cm). There was no significant effect of treatments on leaf tissues. Estimated reference ET_0 varied from 0.91 to 7.66 mm/day during January to December, 2015. Both maximum and minimum values during January-March period was higher in 2016 as compared to 2015 fruiting season. Month wise distribution of ET_o during January to March indicated higher evaporation and dry situation in 2016 than 2015 (Fig. 21 & 22). The water use efficiency was estimated and a range of 6.55 -12.56 kg/m^3 of water were recorded in drip fertigated treatments while control plot had 9.28 kg/m^3 of water (Fig. 23).

Soil enzymatic activity in rejuvenated orchard

Soil biological health in newly rejuvenated mango (cv. Dashehari) orchard under three plant spacings *viz.* 2.5 × 2.5 m, 2.5 × 5.0 m and 5.0 × 5.0 m were measured through dehydrogenases (DHA) and fluorescein diacetate activities (FDA). Mean dehydrogenase and fluorescein diacetate activities were measured as 0.93, 0.99, 1.17 µg TPF/g/hr and 448, 553, 873 mg fluorescin/kg/hr, respectively, in three densities. Soils in widely spaced planting showed higher enzymatic activity.



चित्र 21. आम के बाग में वाष्पन–वाष्पोत्सर्जन की भिन्नता (जनवरी–दिसम्बर, 2015 और जनवरी–मार्च, 2016)
Fig. 21. Variations in reference evapotranspiration in mango orchard (Jan-Dec, 2015 and Jan-March, 2016)



चित्र 22. 2015 और 2016 वर्ष के दौरान वाष्पन–वाष्पोत्सर्जन की दर में भिन्नता
Fig. 22. Differences in reference ET during 2015 and 2016



चित्र 23. आम की दशहरी प्रजाति में फर्टीगेशन पद्धति में जल उपयोग क्षमता
Fig. 23. Water use efficiency in mango cv. Dashehari under different fertigation system

आम की प्रजाति मल्लिका के जैविक उत्पादन की किफायती पद्धति

उपज एंव फल गुणवत्ता

30 किग्रा बायोडायनमिक कम्पोस्ट + जैविक नियामक सी.पी.पी. 100 ग्रा., बी.डी.–500 एवं बी.डी.–501 के मृदा एवं पर्णीय प्रयोग से उत्पादन (160.30 किग्रा प्रति पेड़), गुणवत्ता में सुधार, संपूर्ण घुलनशील ठोस (26.36 ^{0}ब्रिक्स), कुल कैरोटिनायड (6.4 मि.ग्रा प्रति 100 ग्राम), एफ. आर. ए. पी. (74.98 प्रतिशत) एवं डी. पी. पी. एच. (76.82 प्रतिशत) अधिकतम पाया गया (चित्र 24)।

Cost effective package of practices for organic production of mango cv. Mallika

Yield and fruit quality

Significant increase in fruit yield and fruit quality was observed with application of different treatments. Highest fruit yield (160.30 kg/tree) was recorded with application of biodynamic compost (30 kg/tree) + bio-enhancers (CPP 100 g, BD – 500 and BD- 501 as soil and foliar spray) and minimum (88.46 kg/tree) with 1000 g N P K/tree. Observations on average fruit weight, diameter and length varied non-significantly. Highest TSS (26.36 ^{0}Brix) and total caretonoids (6.40 mg/100 g) were also recorded with biodynamic compost (30 kg/tree) + bio-enhancers (CPP 100 g, BD–500 and BD-501 as soil and foliar spray). Observations on titrable acidity varied non significantly.



चित्र 24. आम की मल्लिका प्रजाति में फल की उपज एवं गुणवत्ता पर विभिन्न कार्बनिक इनपुट का प्रभाव
Fig. 24. Response of different organic inputs on yield and fruit quality of mango cv. Mallika

आर्थिक विश्लेषण

बीस किग्रा नीम की खली एवं 20 किग्रा गोबर की खाद, 250 ग्रा. फास्फेट सालुबलाइजिंग जीवाणु की खाद के प्रयोग पर अधिकतम उत्पादन लागत (रू. 59013.181 प्रति हेक्टेयर) आँकी गयी। जबकि 30 किग्रा बायोडायनमिक कम्पोस्ट प्रति वृक्ष + जैविक नियामक (सी.पी.पी. 100 ग्राम, बी.डी.–500 एवं बी.डी.–501) के मृदा एवं पर्णीय प्रयोग से अधिकतम उत्पादन (16.03 टन प्रति हेक्टेयर), अधिकतम उत्पादकता (0.51 किग्रा प्रति रूपये), कुल शुद्ध प्रतिफल (रू. 128857.86 प्रति हेक्टेयर) एवं लाभ लागत अनुपात (5:10) आँकलन किया गया।

Economic analysis

The production cost (Rs. 59013.18 /ha) recorded higher with the application of neem cake + farmyard manure (20 kg each/tree) + *Azotobacter* + PSB (10^8 cfu/g). Higher production of 16030 kg fruit/ha, total production value (Rs. 16.03 t/ha), productivity 0.51 kg/Rs., net return Rs. 128857.86/ha and benefit cost ratio (5:10) was worked out with application of biodynamic compost (30 kg/tree) + bio-enhancers (CPP 100 g, BD–500 and BD-501 as soil and foliar spray).

कीट एवं रोग प्रबंधन

भुनगा की संख्या का आँकलन जैविक कीटनाशक छिड़काव के पहले एवं बाद में 3, 7, 15, 20 एवं 25 दिनों के अंतराल पर किया गया। भुनगा कीट की संख्या के आँकलन के लिए वृक्ष के चारों दिशाओं से तीन–तीन बौर पर गिनती की गयी। भुनगा की संख्या 0.3 से 6.5 प्रति बौर पायी गयी। जैविक कीटनाशक के छिड़काव के 3 दिन उपरांत इनकी संख्या 0 से 1 प्रति बौर पायी गयी। 25 दिनों के बाद इनकी संख्या में अधिक गिरावट पायी गयी। आम के खर्रा रोग का प्रबंधन बी.डी.–501 एवं 0.2 प्रतिशत घुलनशील गंधक के छिड़काव से किया जा सकता है (चित्र 25)।

Insect pest management

Observations were recorded before and 3, 7, 15, 20 and 25 days after spray of bio pesticides (DAS). The hopper count was taken in three panicles from each direction of a tree and expressed as number of hopper/panicle. Before spray the hopper population was found between 0.3-6.5 hopper/panicle. After 3 days of spraying there was reduction in hopper population ranging between 0-1 hopper/panicle. At 25 days after spray, low hopper population was observed. Powdery mildew could be managed with spraying of BD - 501 and 0.2 per cent wettable sulphur (Fig. 25).



चित्र 25. छिड़काव के पूर्व एवं बाद में आम के पेड़ में औसत भुनगा कीटों की संख्या
Fig. 25. Mean mango hopper population in experimental trees before and after spray

प्रक्षेत्र पर उत्पादित जैव नियामकों का सूक्ष्म जैविक विश्लेषण

पंचगव्य (62.5 x 10^8 सी.एफ.यू. प्रति मिली), जीवामृत (32.4 x 10^8 सी.एफ.यू. प्रति मिली) एवं बायोडायनमिक तरल कीटनाशी (22.73 x 10^8 सी.एफ.यू. प्रति मिली) में जीवाणुओं की संख्या अधिक पायी गयी। बायोडायनमिक कीटनाशी में स्यूडोमोनास (3.28 x 10^8 सी.एफ.यू. प्रति मिली अधिकतम विश्लेषित की गयी। नत्रजन स्थिरीकारक जीवाणुओं की संख्या जीवामृत में सबसे अधिक (75.1 x 10^6 सी.एफ.यू. प्रति मिली) पायी गयी। सी.पी.पी. में सर्वाधिक जीवाणु की संख्या (16.68 x 10^8 सी.एफ.यू. प्रति ग्राम), कवक (8.33 x 10^5 सी.एफ.यू. प्रति ग्राम) और *एजोस्पिरिलम* (224 x 10^6 सी.एफ.यू. प्रति ग्राम) दर्ज किया गया।

Microbial analysis of on farm produced organic inputs

Panchgavya contained highest number of bacterial population (62.5 x 10^8 cfu/ml) followed by biodynamic liquid pesticides (22.73 x 10^8 cfu/ml). Actinomycetes population was very high in biodynamic liquid pesticide (137 x 10^6 cfu/ml). Biodynamic liquid pesticide recorded very high *Pseudomonas* populations (3.28 x 10^8 cfu/ml) which were gram negative bacteria. Jivamrita recorded very high *Rhizobium* population (75.1 x 10^6 cfu/ml). Cow pat pit contained highest number of bacterial (16.68 x 10^8 cfu/g), fungi (8.33 x 10^5 cfu/g), *Rhizobium* (310.0 x 10^6 cfu/g) and *Azospirillum* (224 x 10^6 cfu/g) population.

दशहरी एवं आम्रपाली किस्मों की पुष्पन संबंधी गतिशीलता

आम की दशहरी एवं आम्रपाली किस्मों में जलवायु परिवर्तन से होने वाले वानस्पतिक एवं प्रजनन प्ररोहों का अध्ययन किया गया। वानस्पतिक प्ररोहों का उद्भव नवंबर, 2015 में न्यूनतम था तथा मई 2015 में इसका अधिकतम स्तर 16.42–38.13 प्रतिशत पाया गया। जबकि दिसंबर 2015 से फरवरी 2016 तक पेड़ों में वानस्पतिक निस्तब्धता रही। वानस्पतिक प्ररोहों का उद्भव मार्च 2016 (8.0 प्रतिशत) में हुआ। फलों की तुड़ाई उपरान्त दोनों किस्मों में (10. 62–48.75 प्रतिशत) का महत्वपूर्ण स्तर दर्ज किया गया। इसके फलस्वरूप पेड़ों में 80–95 प्रतिशत तक अच्छा पुष्पन भी पाया गया। प्ररोहों के उत्सर्जन में बदलाव तथा मई तथा अगस्त माह में अधिक मात्रा में शीघ्र उत्सर्जन संभवतः अच्छे पुष्पन के लिए उत्तरदाई था। इस वर्ष फलत सुसंगत तथा अधिक मात्रा में हुई साथ ही फलन शीघ्र यानि दशहरी फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होकर मार्च 2016 के दूसरे सप्ताह तक तथा आम्रपाली में यह मार्च के तीसरे सप्ताह तक हुआ। इस वर्ष पुष्पन प्रक्रिया पिछले वर्ष के विपरीत थी जब दोनों किस्मों में पुष्पन मार्च के तीसरे सप्ताह तक दर्ज किया गया। इस दौरान बाग की मृदा में नमी (25–30 प्रतिशत) को विभिन्न विकास अवस्थाओं के स्तर पर दर्ज किया गया जो कि पिछले वर्ष 2015 में पायी गयी नमी (22.4–33.5 प्रतिशत) से कम रही।

दशहरी में विभिन्न महीनों के दौरान विकास अवस्थायें

सामान्य तौर पर आम की दशहरी प्रजाति के कुछ पेड़ों में अन्य पेड़ों की अपेक्षा पुष्पन समय से पूर्व पाया गया। शीघ्र पुष्पन फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से मार्च के दूसरे सप्ताह तक हुआ। जबकि देर से पुष्पन कलिका प्रस्फुटन के बाद मार्च के दूसरे–तीसरे सप्ताह तक पाया गया। देर से पुष्पन वाले पेड़ों में फलत (मार्बल के आकार का) 4.2 प्रति पुष्पगुच्छ जबकि शीघ्र पुष्पन वाले पेड़ों में यह 3.6 प्रति पुष्पगुच्छ था (तालिका 4)।

पुष्प कलिका विभेदन के विभिन्न अवस्थाओं में आरयूबीपी कार्बोक्सिलेज सक्रियता

आम की चौसा, दशहरी, लंगड़ा तथा मल्लिका किस्मों में फलन वाली तथा गैर फलन वाली शाखाओं में आरयूबीपी कार्बोक्सिलेज की सांद्रता एवं सक्रियता का अध्ययन

Dynamics of vegetative shoot in relation to flowering in Dashehari and Amrapali

Vegetative and reproductive shoot growth pattern in relation to weather changes was monitored in Dashehari and Amrapali. Emergence of vegetative flushes was minimum during November, 2015 and reached its maximum level in the range of 16.42 – 38.13 per cent during May, 2015, however, no flush appeared during December, 2015 to February, 2016. The vegetative flushing restarted from March, 2016 (8.0%). After harvesting of fruits significant amount of flushing was also recorded (10.62 – 48.75%) in both the cultivars. Good flowering to the tune of 80 – 95 per cent was also observed. Changing flushing pattern in terms of heavy and early flushes in May and August may be one of reasons for good flowering. Fruit set was consistent and significantly high during this year. It started early *i.e.*, in the last week of February and continued up to second week of March, 2016 in Dashehari, whereas, in Amrapali fruit set continued up to 3rd week of March, 2016. This is in contrast to the last year, where the fruit set continued up to 3rd week of March in both the cultivars. Soil moisture in the orchard at different phenological stage was recorded in the range of 25-30 per cent which is less as compared to 2015 (22.4 – 33.5%).

Phenological stages during different months in Dashehari

In general, some of the trees showed early flowering up to one week. Early flowering occurred during 1st week of February and continued up to 2nd week of March. Whereas, late flowering continued up to 2nd- 3rd week of March after flower bud initiation. Fruit set per panicle in late flowering at marble stage was more (approx 4.2 per panicle) as compared to early flowering (3.6 per panicle) (Table 4).

RUBP carboxylase activity at different stages of flower bud differentiation

The concentration and activity of RUBP carboxylase in fruiting and non-fruiting shoots in Chausa, Dashehari, Langra and Mallika cultivars at different

तालिका 4. दहशरी में विभिन्न विकास अवस्थाओं का विभिन्न माह में अध्ययन
Table 4. Occurrence of different phenological stages during different months in Dashehari

पुष्पन Flowering	बीबीसी एच स्केल BBCH Scale							50% पुष्पन Flowering (613)	100% पुष्पन Flowering (615)	फल टिकाव Fruit set (619)	फल संख्या प्रति बौर Fruit number per panicle
	510	511	513	514	515 - 517	519	610				
समय पूर्व Early	फरवरी का प्रथम सप्ताह I week of Feb	फरवरी का द्वितीय सप्ताह II week of Feb	फरवरी का तृतीय सप्ताह III week of Feb	फरवरी का तृतीय सप्ताह III week of Feb	फरवरी का तृतीय–चतुर्थ सप्ताह III-IV week of Feb	फरवरी का चतुर्थ सप्ताह IV week of Feb	फरवरी का चतुर्थ सप्ताह IV week of Feb	मार्च का प्रथम सप्ताह I week of March	मार्च का प्रथम सप्ताह I week of March	मार्च का द्वितीय सप्ताह II week of March	3.6*
बाद Late	फरवरी का द्वितीय सप्ताह II week of Feb	फरवरी का द्वितीय–तृतीय सप्ताह II – III week of Feb	फरवरी का तृतीय सप्ताह III week of Feb	फरवरी का तृतीय–चतुर्थ सप्ताह III - IV week of Feb	फरवरी का चतुर्थ सप्ताह IV week of Feb	मार्च का प्रथम सप्ताह I week of March	मार्च का प्रथम सप्ताह I week of March	मार्च का द्वितीय सप्ताह II week of March	मार्च का द्वितीय सप्ताह II week of March	मार्च का द्वितीय–तृतीय सप्ताह II - III week of March	4.2*

*मार्बल अवस्थाओं में पेड़ के सौ बौरों का अध्ययन
*Average of 100 panicle of tree at marble stage

किया गया। आरयूबीपी की कम से कम गतिविधि फलदार शाखाओं में पुष्प कलिका विभेदन के समय पाई गई, हालांकि, इसकी गतिविधि में पुष्प कलिका विभेदन के पश्चात् वृद्धि हुई जो पूर्ण रूप से फूलों के खिलने पर अधिकतम स्तर पर पहुँच गई। आम की किस्मों में से यह आम्रपाली में उच्चतम स्तर (8.37±0.16 मिलीमोल आरयू बीपी प्रति मिग्रा प्रति मिनट) पर पंजीकृत हुई। इसके विपरीत गैर फलत वाली शाखाओं में आरयूबीपी के स्तर में विभिन्न फिनोलोजीकल चरणों में कोई अर्थपूर्ण बदलाव नहीं पाया गया पर इसका न्यूनतम स्तर कलिका फुटाव की अवस्था में पाया गया। आरयूबीपी की सांद्रता में कोई निश्चित प्रतिमान नहीं पाया गया (चित्र 26)।

जड़ों में शर्करा चयापचय एंजाइम

आम की किस्मों लंगड़ा तथा आम्रपाली में विभिन्न विकास अवस्थाओं के दौरान जड़ों में उपस्थित सौरबिटल डिहाइड्रोजिनेस का अध्ययन किया गया। लंगड़ा में इसकी गतिविधि पुष्प कलिका विभेदन के दौरान अधिक

growth period were estimated. Least activity of RUBP was found at FBD stage in fruited shoots, however, its activity slowly increased after FBD and reached maximum at full bloom stage. Among the cultivars, Amrapali registered highest activity (8.37±0.16 µmol RUBP/mg/min). On the other hand, in non-fruiting shoot the RUBP carboxylase activity was not changed at different phenological stages and found minimum in flower bud burst stage (510 BBCH scale) of fruited shoots. No definite pattern of RUBP concentration was obtained (Fig. 26).

Sugar metabolism enzymes in roots

Sorbitol dehydrogenase (SDH) was estimated in root during different phenological stages of mango cvs Langra and Amrapali. The activity of SDH was found to be relatively high (15 – 85 µmol/g/min)



चित्र 26. आम की विभिन्न प्रजाति में विकास अवस्थाओं पर आरयूबीपी कार्बोक्सिलेज की सक्रियता का विश्लेषण

Fig. 26. Activity of RUBP carboxylase in different mango cultivars at different phenological stages

(15–85 माइक्रोमोल प्रति ग्राम प्रति मिनट) जो कि अफलत वर्ष में कम पाई गई। यद्यपि आम्रपाली में कोई निश्चित प्रतिमान नहीं पाया गया।

शाखाओं एवं जड़ों में गैर संरचनात्मक कार्बोहाइड्रेट में परिवर्तन

आम की दशहरी एवं लंगड़ा किस्मों का आम्रपाली किस्म से पेड़ की जड़ों तथा शाखाओं में कुल शर्करा, स्टार्च तथा रिड्यूसिंग शर्करा के सापेक्ष फलत तथा अफलत वर्षों में अनुमान लगाया गया। अफलत वर्ष में लंगड़ा में इनका स्तर उच्च (3.69–6.53 मिग्रा प्रति ग्राम डी डब्ल्यू) और दशहरी में (4.56–7.25 मिग्रा प्रति ग्राम डी डब्ल्यू) तथा फलत वर्ष में इनका स्तर न्यूनतम (1.95–5.30 मिग्रा प्रति ग्रा डी डब्ल्यू) प्राप्त हुआ। हाँलाकि, आम्रपाली में कम और उच्च उत्पादन देने वाले पेड़ों में इनके स्तर में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था।

आम में लवण सहिष्णुता के योगदान हेतु दैहिक लक्षण

आम की बहुभ्रूणीय किस्मों जैसे गोवा, स्टार्च, किचनार, बप्पाकाई, मूवंडन, कुरूक्कन, नेक्कारे तथा 13–1 की लवणता के साथ प्रतिक्रिया का आँकलन किया गया। विभिन्न विद्युत चालकता स्तर (1, 2, 4 और 6 डीएस प्रति मिनट) का मानक घोल सोडियम क्लोराइड द्वारा बनाया गया। लवण क्षति के लक्षण एक महीने में प्रकट हुए तथा विद्युत चालकता 6 डीएस प्रति मिनट के स्तर पर सभी पौधे मर गए जबकि नेक्कारे, कुरूक्कन तथा 13–1 क्रमशः 2 तथा 4 विद्युत चालकता पर बचे रहे। दो महीने पश्चात् 4 विद्युत चालकता पर 13–1 में भी लवण क्षति के लक्षण दिखाई दिए। आम की विभिन्न बहुभ्रूणीय किस्मों में झिल्ली स्थिरता सूचकांक (एम.एस.आई.) की गणना भी विभिन्न लवणता स्तरों पर की गई। सर्वाधिक एम.एस.आई

at flower bud differentiation stage in 'on' year as compared to 'off' year trees. No definite pattern was obtained in Amrapali.

Nonstructural carbohydrates changes in shoot and root

The total sugar, starch and reducing sugar in root and shoot were estimated in mango cvs Dashehari and Langra in 'on' and 'off' year trees and compared with Amrapali cultivar. Their content was found higher in Langra (3.69 – 6.53 mg/g DW) and Dashehari (4.56 – 7.25 mg/g DW) during 'off' year as compared to minimum in 'on' year trees (1.95 – 5.30 mg/g DW). However, in Amrapali there was no significant difference in low and high bearing trees. On the other hand, their levels in shoot was higher during 'on' year at flower bud differentiation stage as compared to 'off' year fruiting.

Physiological traits contributing to salinity tolerance

Response of polyembryonic cultivars *viz*., Goa, Starch, Kitchner, Bappakai, Moovandan, Kurukkan, Nakkare and 13-1 to different EC level (1, 2, 4 and 6 ds/m) were evaluated. Symptoms of salt injury appeared within one month and all plant of all varieties died at EC 6 ds/m, except Nakkare, Kurukkan and 13-1 which survived at 2 and 4 EC, respectively. After two month the symptoms of salt injury also appeared in 13-1 at 4 EC. Maximum membrane stability index (50%) in stressed plants was obtained in 13-1 followed by Nakkare (35%). However, at 4 EC, the MSI was drastically

(50 प्रतिशत) के पश्चात् नक्कारे (35 प्रतिशत) 13–1 में पाई गई। 4 विद्युत चालकता पर एम.एस.आई. में अधिकतम कमी (30 प्रतिशत) पाई जबकि स्टार्च में यह 80 प्रतिशत थी जो सर्वाधिक थी। क्लोरोफिल ए, बी और कुल का अलग–अलग लवणता के स्तर पर विभिन्न किस्मों में अनुमान लगाया गया। बढ़ती लवणता के स्तर पर क्लोरोफिल ए काफी कम हो गया (2.60 से 0.716 मिग्रा/ग्राम ताजा भार) जबकि क्लोरोफिल बी में कोई खास बदलाव नहीं हुआ (0.205 से 0.157 मिग्रा/ग्राम ताजा भार) फलस्वरूप क्लोरोफिल ए/बी अनुपात भी काफी कम देखा गया (3.41 से 19.47)। हालांकि कुल क्लोरोफिल में कोई उल्लेखनीय कमी नहीं पाई गई विशेष रूप से लवणता क्षति के लक्षणों के प्रकट होने से पहले। किस्मों 13–1 और नेक्कारे में काफी उच्च क्लोरोफिल स्थिरता सूचकांक के साथ–साथ कुल, ए और बी क्लोरोफिल पर लवणता के 2 ईसी स्तर तक न्यूनतम प्रभाव पाया गया।

बहुभ्रूणीय आम में क्लोरोफिल प्रतिदीप्ति स्तर, मोम संचय एवं आरयूवीपी कार्बोक्सिलेस सक्रियता में परिवर्तन

आम की विभिन्न बहुभ्रूणीय किस्मों में भिन्न प्रकार की लवणता प्रभाव में क्लोरोफिल प्रतिदीप्ति स्तर (एफ.वी./एफ.एम.) का आँकलन किया गया। एफ.वी./एफ.एम. के स्तर में समय एवं लवणता के स्तर के अनुसार नियंत्रित हालत के सापेक्ष बदलाव पाया गया। लवणता बल देने के 2 सप्ताह में ही गोवा, स्टार्च, किचनार, बप्पाकाई तथा मूवंडन किस्मों में एफ.वी./एफ.एम. में तीव्र घटाव 0.82–0.78 से 0.65–0.55 हुआ जबकि नियंत्रित हालत के सापेक्ष किस्म कुरूक्कन, नेक्कारे तथा 13–1 में कोई अर्थपूर्ण बदलाव (0.80–0.75) नहीं मिला। हाँलांकि लवणता के स्तर को 2 ईसी तक बढ़ाने से नेक्कारे तथा कुरूक्कन एवं 4 ईसी तक बढ़ाने से 13–1 में एफ.वी./एफ.एम में तेजी से कमी आई जो कि 30 दिनों में 0.85 से 0.65 हो गई। इन किस्मों में एफ.वी./एफ.एम से प्राप्त प्रतिशत कमी सर्वाधिक कुरूक्कन में पाई गई इसके पश्चात् नेक्कारे में तथा 13–1 में न्यूनतम (13.33 प्रतिशत) पाई गई। क्लोरोफिल के स्तर तथा पौधों के अस्तित्व प्रतिशत में महत्वपूर्ण संगति देखी गई। अतः एफ.वी/एफ.एम अनुपात को लवण तनाव के तहत संश्लेषक तंत्र की शक्ति की भविष्यवाणी करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। आम की विविध किस्मों में लवणता दबाव देने के 30 दिनों में मोम का संचय 260–1000 माइक्रो ग्राम

decreased (30%) and maximum decrease (80%) was noticed in Starch. Chlorophyll a, b and total were estimated in all the tested cultivars under different salinity levels. With increasing salinity level, chlorophyll reduced drastically (2.60 to 0.716 mg/g fresh weight) as compared to non significant change in chlorophyll b (0.205 to 0.157 mg/g fresh weight) resulted in marked reduction in chlorophyll a/b ratio (3.41-19.47) with increasing salinity level. However, total chlorophyll did not reduce significantly (0.863-0.964 mg/g fresh weight) especially prior to appearance of salt injury. Among the varieties, 13-1 and Nakkare showed significantly high chlorophyll stability index as total, a and b were comparatively less affected up to 2 EC of salt stress.

Chlorophyll fluorescence, wax accumulation and RUBP-carboxylase activity in polyembryonic mango

The response of chlorophyll fluorescence (Fv/Fm) to different regimes of salt stress in seedling of different polyembryonic cultivars of mango was investigated. Fv/Fm changed with time in salt treated plants compared with the control plants. The value of Fv/Fm decreased drastically from 0.82–0.78 to 0.65-0.55 after two weeks of salt stress in Goa, Starch, Kitchner, Bappakai and Moovandan, while the remaining varieties Kurukkan, Nakkare and 13–1 showed no significant (0.80–0.75) change within two weeks as compared to the control. However, with the progression of stress especially at 2 EC in Nakkare and Kurukkan, 4 EC in 13–1, the Fv/Fm decreased drastically *i.e.*, from 0.85 to 0.65 after 30 days. The percentage reduction in Fv/Fm value among these varieties was maximum in Kurukkan followed by Nakkare and least in 13-1 (13.33%). Chlorophyll content showed significant association with survival percentage. Thus Fv/Fm ratio can be used to predict the vitality of photosynthetic apparatus under salt stress. Cuticular wax was estimated in leaf of test varieties after 30 days of imposition of salt stress which varied between 260-1000 µg/cm^2. Among the varieties, 13-1 contained higher (575.55 µg/cm^2) wax content in control and there was marginal increase (630.5–

प्रति सेमी² पाया गया। विभिन्न किस्मों में से 13–1 में मोम संचय का स्तर नियंत्रित दशा में (575.55 माइक्रो ग्राम प्रति सेमी²) था जबकि बढ़ती लवणता के साथ–साथ इसके स्तर में सामान्य वृद्धि (630.5–690.5 माइक्रो ग्राम प्रति सेमी²) दर्ज की गई। दूसरी ओर नेक्कारे में लवणता बढ़ाने से पहले मोम का स्तर कम था (265.68 माइक्रो ग्राम प्रति सेमी²) जो कि लवणता दबाव बढ़ाने पर तेजी से लगभग चार गुना (1000.80 माइक्रो ग्राम प्रति सेमी²) हो गया। आम की विभिन्न बहुभ्रूणीय किस्मों में लवणता के तनाव के तहत आरयूबीपी कार्बोक्सिलेस सक्रियता का मूल्यांकन किया गया। कार्बोक्सिलेस सक्रियता उत्तरोत्तर बढ़ते लवणता दबाव के साथ कम होती गई। यह कमी ज्यादातर किस्मों में अधिक (40.16–84.89 प्रतिशत) थी जो कि नेक्कारे, कुरूक्कन तथा 13–1 के अलावा शेष 1–2 ईसी के कम दबाव में भी पाई गई। जबकि इन तीन किस्मों में 13–1 में सबसे कम (11.62–28.57 प्रतिशत) आर यू बी पी कार्बोक्सिलेस के पश्चात् नेक्कारे (14.4–60. 43 प्रतिशत) 2 ईसी में दर्ज की गई। इसके अलावा 13–1 में आरयूबीपी कार्बोक्सिलेस गतिविधि अन्य लवणता दबाव में काफी स्थिर रही तथा इसमें कोई गिरावट नहीं हुई। इससे यह संकेत मिलता है कि 13–1 में नेक्कारे तथा कुरूक्कन की अपेक्षा लवणता दबाव में कार्बोक्सिलेशन की क्षमता अधिक है।

आम का उपज मॉडल

आम की लंगड़ा प्रजाति के 100 पेड़ में 5 वर्षों तक उत्पादन आंकड़ों को लेकर टू वे मल्टीप्लीकेटिव मॉडल का अध्ययन 100 x 5 मैट्रिक्स आर्डर में किया गया। एडीटिव मॉडल के बजाय मल्टीप्लीकेटिव को वर्ष के स्थान पर लिया गया। प्रतिकूल वर्ष में पेड़ों के बीच अंतर अत्यंत कम था, यह अंतर अनुकूल वर्ष में बड़ा था। यह अंतर समय के साथ सीजन का प्रभाव जो मल्टीप्लीकेटिव की तरह था। टू वे एडीटिव मॉडल की परिकल्पना के लिए 100 x 5 मैट्रिक्स, जो कि उत्पादन आँकड़ों से प्राप्त हुआ में अवशेष (e_{ij}) सामान्यतः वितरित था जिसका औसत शून्य एवं वैरियन्स o^2 था। इस मॉडल का उपयोग पेड़ के प्रभाव और त्रुटि प्रभाव को प्रीसाइज आंकलन के लिए किया गया। प्रतिकूल वर्ष में उत्पादन के अंतर को इन्पुट प्रबंधन और उत्तम डिसीजन सपोर्ट प्रणाली द्वारा सुधारा जा सकता है।

690.5 µg/cm) in its content with increasing salinity level. On the other hand, Nakkare had less wax content (265.68 µg/cm²) before treatment and increased sharply nearly four folds (1000.80 µg/cm²) after the imposition of salt stress at higher level. The RUBP-carboxylase activity in different polyembryonic varieties of mango raised under different levels of salt stress was investigated. Carboxylase activity progressively decreased with increasing salt stress level. The decrease in its activity was stronger (40.16–84.89%) even at lower salt stress (1 & 2 EC) in most of the varieties except in Nakkare, Kurukkan and 13–1. Among the three varieties, 13-1 had minimum reduction (11.62 – 28.57%) in RUBP-carboxylase followed by Nakkare (14.4–60.43%) up to 2 EC. Further, the activity of RUBP was fairly constant under different stress regimes and did not decline significantly during the 30 days in 13-1. This indicates that the ability of carboxylation under salt stress is stronger in 13-1 than the Nakkare and Kurukkan. The variable sink limitation of plants under stress condition may be one of the reasons for decreasing RUBP activity.

Yield modeling for mango

In order to develop yield model of mango cv. Langra, yield data of 100 trees over 5 years was used and a two-way multiplicative model was assumed by arranging yields of one hundred trees over five years in a matrix order of 100 × 5. A multiplicative rather than an additive model was considered as the year usually affects in a multiplicative way. During unfavorable years, the differences in trees was marginal and during favorable years, they become larger. This is similar to seasonal effects in time series which is usually considered to be of multiplicative nature. The log transformation of yield data provided 100 × 5 matrix, by considering residual (e_{ij}) as normally distributed with mean zero and variance $ó^2$, provided the usual two–way additive model. This model may be used for further obtaining precise estimates for tree effect and error effects. The yield fluctuations due to unfavorable year may be adjusted by input management and this improves decision support system.

कृषि प्रसार में बेजियन संभाव्यता का उपयोग

किसान काल सेन्टर के माध्यम से कीट एवं रोग प्रबंधन से सम्बन्धित टेलीफोन काल का संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा उचित समाधान हेतु सुझाये गये जबाबों की प्रगति जानने के लिए बेजियन विश्लेषण किया गया। प्रश्न यह है कि कोई भी टेलीफोन काल कीट प्रबंधन से सम्बधित होगी इसकी क्या संभावना है ? इस अध्ययन हेतु प्रायर (0.5, 0.5) मानकर, कीट एवं रोग प्रबंधन से सम्बंधित जबाबों का प्रतिशत 20 व 14 है। यह वर्ष 2010–15 की अवधि के टेलीफोन काल डाटा से प्राप्त किया गया। बेजियन विश्लेषण यह बताता है कि कोई भी काल का कीटों से सम्बधित सही जबाब देने की सम्भावना 58 प्रतिशत पायी जाती है। इस तरह दूसरे वर्ष में, टेलीफोन काल का कीटों से सम्बधित जबााब देने की सम्भावना बढ कर 66 प्रतिशत पायी जाती है। यदि यह बेजियन विश्लेषण पुनः किया जाये तृतीय वर्ष में काल का कीटों से सम्बधित जबााब देने की सम्भावना बढकर 76 प्रतिशत हो जायेगी। अतः इस बेजियन विश्लेषण से, किसान काल सेंटर में आने वाली काल का कीट से सम्बधित प्रश्नों का सही जबाब देने के लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। बेजियन विश्लेषण से यह किसान काल सेंटर का संभाव्यता प्रबंधन–व्याख्या हैं।

फास्फेट सालुबलाइजिंग जीवाणु का पृथक्कीकरण

आम और अमरूद के बाग से 25 फास्फेट सालुबलाइजिंग एवं 10 नत्रजन स्थिरीकरण वाले *एजोटोबैक्टर* का पृथक्कीकरण किया गया। कुल पृथक्कीकृत जीवाणु में से 10 का फास्फेट सालुबलाइजिंग क्षमता (प्रतिशत) का परीक्षण किया गया और पाया गया कि पी.एस.वी. 10 (150 प्रतिशत) के साथ सबसे अच्छा सालुबलाइजिंग जीवाणु सिद्ध हुआ।

अमरूद (*सिडियम ग्वाजावा* एल.)

अमरूद के बाग में मिट्टी की गुणवत्ता का अध्ययन

अमरूद की ललित किस्म की 15 वर्ष पुरानी पलवार वाली बाग से मृदा का नमूना लिया गया। इस बाग में पौध की संख्या 277, 555 और 5000 पौध है। जिसकी दूरी 6x6, 3x6 और 2x1 मी क्रमशः है। मृदा की प्रथम 0–10 सेमी सतह पर कार्बनिक कार्बन की मात्रा अधिक पायी गयी

Bayesian probability application in farmers' queries

The data on insect and disease management obtained through Kisan Call Centre for the period 2010-15 was subjected to Bayesian analysis with a view to have an understanding about the number of queries with reference to specific problem (s) likely to emerge over the years. Bayesian analysis indicated that with equal prior (insect/disease management) 0.5 and known information on insect management 20%, disease management 14%, the probability of a random call related to insect management may be 58 per cent. On Second occasion, with revised prior (insect/disease management) 0.58 & 0.42 and known information on insect management 20%, disease management 14%, the probability of a random call to insect management answered may be upgraded up to 66 per cent. In third occasion, with revised prior on insect/disease management be as 0.66 and 0.34 and known information on insect management 20%, disease management 14%, the probability of a random call was attended and query related to insect management answered successfully will be upgraded up to 0.76 per cent. This is demonstration of a probabilistic interpretation of the problem that there are 76 per cent chances that the random call related to insect disease answered successfully.

Isolation of phosphate solubilizing bacteria

A total of 25 phosphate solubilizing bacteria (PSB) and 10 nitrogen fixing free living *Azotobacter*, were isolated from mango and guava orchards. Out of which 10 phosphate solubilizing bacteria had been tested for phosphate solubilization efficiency (%). PSB 10 (150%) was recorded best isolate.

Guava (*Psidium guajava* L.)

Assessment of soil properties in guava orchard

Undisturbed core soil samples were collected from guava cv. Lalit maintained under long-term orchard management of over a period of 15 years. The density of populations in the system was 277, 555 and 5000 plants/ha with a spacing of 6×6, 3×6 and 2×1 m, respectively. The soil organic carbon content was higher at the top 0-10 cm soil depth and

और गहराई (0–30 सेमी) के साथ कम होती गयी। अध्ययन की गयी गहराई में स्थूल घनत्व 1.41 से 1.54 ग्राम प्रति सेमी^{3} और रंध्रता 33.91 से 47.04 प्रतिशत दर्ज किया गया। मृदा में कार्बनिक कार्बन गहराई के साथ कम हो रही थी जबकि सर्वाधिक 7.35–8.28 मिग्रा प्रति हेक्टेयर, 0–10 सेमी में दर्ज की गयी। मृदा कार्बनिक कार्बन की सर्वाधिक मात्रा (5.71 मिग्रा प्रति हेक्टेयर), 5000 पौध प्रति हेक्टेयर (2x1 मीटर) पौध घनत्व में दर्ज किया गया। इसी तर्ज पर अमरूद की इलाहाबाद सफेदा प्रजाति के बीस वर्ष पुराने बिना कर्षण, गुड़ाई, आदि क्रिया किए हुए बाग से मृदा का नमूना लिया गया। इस बाग में 2220, 1110 और 550 पौध प्रति हेक्टेयर घनत्व में देखा गया कि मृदा कार्बनिक कार्बन की मात्रा सर्वाधिक 6.0 और सबसे कम 4.89 मिग्रा प्रति हेक्टेयर क्रमशः 2220 और 550 पौध प्रति हेक्टेयर है (चित्र 27 एवं 28)।

स्ट्राबेरी (*फ्रैगरिया x एनानसा*)

स्ट्राबेरी उत्पादन हेतु लागत प्रभावी संरक्षित संरचनाओं का मूल्यांकन

खुले वातावरण में स्ट्राबेरी रनर अगस्त माह तक पूर्णतया नष्ट होते पाये गये जबकि प्राकृतिक तरीके एवं हवादार प्लास्टिक कवर द्वारा रनर को बरसात के दिनों तक बचाए रखना संभव पाया गया। स्ट्राबेरी की प्रजाति स्वीट चार्ली को प्लास्टिक सुरंग में उगाने से सामान्य दशा में उगाने की तुलना में 20 दिन पहले ही फलों की तुड़ाई संभव है। खुले वातावरण में सुबह का तापमान एवं छायादार नेट में दोपहर बाद का तापमान अधिक पाया गया। स्वीट चार्ली प्रजाति को हवादार प्लास्टिक सुरंग में उगाने से फल का भार एक समान, अधिक विटामिन सी की मात्रा तथा सर्वाधिक उत्पादन (260 कुन्तल प्रति हेक्टेयर) दर्ज किया गया।

प्राकृतिक दशा में स्ट्राबेरी के जननद्रव्य का मूल्यांकन

भा.कृ.अनु.प.–केन्द्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान, जम्मू एवं कश्मीर से लायी गयी स्ट्राबेरी की 9 किस्म के मूल्यांकन में पाया गया कि किम्बरले के फल का भार सर्वाधिक (15.8 ग्राम), तदुपरांत मिशनरी (14.7 ग्राम) एवं कैटरेन स्वीट

decreased down the soil root zone depths up to 0-30 cm. A range of 0.21 to 0.62 per cent SOC content was recorded. BD ranged between 1.41 to 1.54 g/cm^3 and porosity 33.91 to 47.04 per cent across depths and density system. Particle density and water holding capacity was reorded in between 2.3-2.7 g/cm^3 and 19.72-23.08 per cent, respectively. The SOC stock decreased depth wise, the highest was recorded as 7.35-8.28 mg/ha at the 0-10 cm soil depth, following 4.60-4.73 and 3.62-4.13 mg/ha at 10-20 and 20-30 cm layer, respectively. The highest content (5.71 mg/ha) was in highly populated system of 5000 plants/ha with a spacing of 2×1 m, followed by 5.4 and 5.19 mg/ha in 555 and 210 plants/ha with a spacing of 6×6 and 3×6 m, respectively. Similarly, undisturbed core soil samples were collected from guava cv. Allahabad Safeda ecosystem maintained for over 20 years. The system had population density of 2220, 1110 and 555 plants/ha. A range of 3.19-3.85, 6.19-8.79, 73.13-84.03 and 15.69-35.11 kg/ha stocks were estimated. SOC stock of 4.03 to 6.87 mg/ha was also estimated in these systems. Highest value of 6.0 and lowest in 4.89 mg/ha in 2220 and 555 plants/ha was recorded (Fig. 27 & 28).

STRAWBERRY (*Fragaria* x *ananassa*)

Evaluation of cost effective protected structures for strawberry

Strawberry runners planted in naturally ventilated polyhouse with roof top covered with transparent polythene exhibited survival during rainy season. A range of 7.0 to 24.3 °C in the morning and 10 to 34 °C in afternoon was recorded across cost effective structures. Strawberry variety Sweet Charlie, exhibited advancement of 20 days harvesting period in ventilated polytunnel in annual production system. Higher yield (260 q/ha) was recorded under ventilated tunnel in variety Sweet Charlie along with uniform fruit size and higher vitamin C content.

Germplasm evaluation under open conditions

Out of nine varieties introduced from ICAR- Central Institute for Temperate Horticulture, Srinagar, J&K, maximum individual fruit weight (15.8 g) was recorded in cv. Kimberley followed by Missionary (14.7 g), Katrain Sweet (14.1 g) and Britem (14.0 g).



चित्र 27. अमरूद की प्रजाति ललित के बाग की मृदा में कार्बनिक कार्बन का भण्डार
Fig. 27. Variations in SOC stock in the orchard of guava cv. Lalit



चित्र 28. अमरूद की प्रजाति इलाहाबाद सफेदा के बाग की मृदा में कार्बनिक कार्बन का भण्डार
Fig. 28. SOC stocks in the orchard of guava cv. Allahabad Safeda

में (14.1) ग्राम पाया गया। कटरायन स्वीट एंव चाण्डलर उपोष्ण जलवायु की दशा में देर से पुष्पन एवं भूस्तारिका रनर दर्ज किया गया। जबकि सर्वाधिक एन्थोसायनिन की मात्रा किम्बरले, डगलस और कटरायन स्वीट प्रजाति में दर्ज की गयी। उपोष्ण दशा में संपूर्ण घुलनशील ठोस की मात्रा सर्वाधिक डगलस नामक प्रजाति में पायी गयी।

Delayed flowering (February first week) and early runner production (April second week) was observed in Katrain Sweet and Chandler under subtropical conditions. Higher anthocyanin content was recorded in Kimberley followed by Duglus and Katrain Sweet. Duglus was found best among the tested varieties with TSS (10.30 °Brix) under subtropical conditions.

फसल सुरक्षा
Crop Protection

आम (*मेन्जीफेरा इंडिका* एल.)

नाशी कीट

आम के नाशी एवं उपयोगी कीटों का संग्रह, पहचान, संरक्षण एवं अभिलेखन

आम के बागों में उपस्थित नाशी कीट एवं उनके प्राकृतिक शत्रुओं के संग्रह, पहचान एवं संरक्षण का कार्य किया गया। संस्थान के प्रायोगिक प्रक्षेत्र पर भुनगा कीट की एक नयी प्रजाति, *एम्रीटोडिस ब्रेविस्टायलस* पायी गयी। यह प्रजाति *ए. एटकिनसोनी* से मिलती जुलती है तथा अंतर सिर्फ नर जननांगों में होता है। लखनऊ क्षेत्र स्थित भुनगा कीट, *ए. एटकिनसोनी* और गुजिया कीट, *ड्रोसिचा मैंजीफेरी* के माइटोकान्ड्रिया सी.ओ.आई. आधारित डी.एन.ए. बारकोड विकसित किये गये और न्यूक्लियोटाइड ब्लास्ट द्वारा 99 और 90 प्रतिशत प्रजाति समानता पायी गयी।

तना बेधक कीट, *बेलीनोटा प्रसीना* (बुप्रेस्टिडीः कोलियोप्टेरा)

लखनऊ जिले के मोहनलालगंज विकास खण्ड स्थित मादापुर गाँव में सूखते हुए आम के वृक्षों से इस कीट के वयस्क एवं अवयस्क सितंबर माह के उत्तरार्ध में एकत्र किये गये। वयस्कों का रंग हल्का हरा एवं लंबाई 23 मिमी और चौड़ाई 6 मिमी थी। अवयस्क कीटों का रंग हल्का कत्थई तथा सिर चपटा और पेट पतला था। छाल के नीचे अनेक सूड़े उपस्थित थे और उनमें से कुछ तने में छिद्र बनाते हुए पाये गये (चित्र 28)।

Mango (*Mangifera indica* L.)

Insect Pests

Collection, identification, preservation and documentation of pests and useful insects of mango

The insect-pests and natural enemies under mango ecosystem were collected and preserved. A new species was observed at ICAR-CISH experimental farm and it was identified as *Amritodes brevistylus*, which is morphologically similar to *Amritodes atkinsoni* but differed by its male genitalic feature. Mitochondrial COI based DNA barcode has been generated for mango hopper (*A. atkinsoni*) and mealybug (*Drosicha mangiferae*) of Lucknow region and the nucleotide BLAST identity was found to be 99 and 90 per cent, respectively.

Mango trunk borer, *Balinota prasina* (Buprestidae: Coleoptera)

The immature stages and adults causing mango tree death were collected from Madapur (Mohanlalganj, Lucknow) during the second fortnight of September and were identified as *B. prasina*. Adults are metallic green in colour with wedge shaped body measuring 23 mm in length and 6 mm in width having grubs of creamy brownish colour with flat head and tapering abdomen. Many grubs were found below the bark and they were boring into the trunk and adults were also feeding on the bark (Fig. 28).

चित्र 28. *बी. प्रसीना* के प्रक्षेप में लक्षण और अवयस्क एवं वयस्क कीट।
Fig. 28. Symptoms of infestation of grub and adult of *B. prasina*

आम की पत्ती खाने वाला कीट (नोलीडी: लेपीडोप्टेरा)

आम की पत्तियों एवं बौर को तेजी से खाने वाला एक नया कीट पाया गया। संस्थान के रहमानखेड़ा प्रक्षेत्र में इस कीट की उपस्थिति 12.3 प्रतिशत पेड़ों पर पायी गयी। कीट की सूँड़ी का रंग हल्का कत्थई तथा पीठ के मध्य भाग में सफेद धब्बा होता है। सूड़ी का सिर बाकी शरीर की तुलना में मोटा होता है (चित्र 29)।

Mango defoliator, unidentified species (Nolidae: Lepidoptera)

A Lepidopteran larva belongs to the family Nolidae was observed feeding gregariously on the mango leaves and panicles. Larvae were light brown in colour with white patches on thoracic region with bulged head (Fig. 29). Incidence of this on mango in Rehmankhera experimental farm was 12.3 per cent. Adults were sent for identification.

चित्र 29. आम की पत्ती खाने वाले लेपीडोप्टेरन कीट के सूड़ी, प्यूपा और वयस्क
Fig. 29. Different life stages of Lepidopteran (Nolidae) feeding on mango

उपोष्ण फलों के नाशी कीटों की आणविक पहचान

बहराइच जिले में पाये गये कोमल पत्ती खाने वाले कीट की पहचान आणविक विधि से की गयी। यह कीट लेपीडोप्टेरा वर्ग के लाइकेनिडी कुल का है। इसका वैज्ञानिक नाम *एन्थेनी मोलस* है (चित्र 30 और 31)।

Molecular identification of insect pests of subtropical fruits

Caterpillars defoliating new mango shoots were collected from Bahraich and its DNA was isolated and amplified using COI primer and blasted in BOLD database and it was identified as *Anthenee molus* (Lycaenidae: Lepidoptera) (Fig. 30 & 31).

चित्र 30. *एन्थेनी मोलस* के सूँड़ी और वयस्क कीट
Fig. 30. Larvae and adult of *A. molus*

प्राकृतिक शत्रुओं की खोजबीन

चूसक नाशी कीटों के प्राकृतिक शत्रुओं की खोज हेतु सर्वेक्षण कार्य लखनऊ जिले में स्थित आम के बागों में किया गया। गुजिया कीट से एक अंतः परजीवी कीट पाया गया (चित्र 32)। इस कीट को संस्थान के कीट संग्रहालय में संरक्षित किया गया है तथा पहचान हेतु कार्य किया जा रहा है।

Exploration of natural enemies

Survey to explore the natural enemies of sucking pests was carried out in various mango growing belts of Lucknow district. An endoparasitoid was identified from the nymphs of mealybug which were collected from the unprotected mango orchards at Lucknow (Fig. 32). The specimens are preserved at ICAR-CISH collection and the identification of specimen is yet to be ascertained.



चित्र 31. ए. *मोलस* के बोल्ड डाटाबेस में आँकड़े
Fig. 31. Blast data of *A. molus* in BOLD database

चित्र 32. गुजिया कीट से प्राप्त अंतः परजीवी
Fig. 32. Endoparasitoid from mealybug

कोक्सीनेलिड परभक्षी

मार्च के महीने में आम के बागों में पाँच प्रजातियों (*कोक्सीनिल्ला सेप्टेमपुंकटाटा, सी. ट्रांसवरसेलिस, मेनोचिलस सेक्समाकुलाटा, क्रिप्टोलैमस* प्रजाति एवं *ब्रूमस* प्रजाति) के कोक्सीनेलिड कीट पाये गये। जिनमें तीन प्रमुख प्रजातियों के कीटों की संख्या ज्यादा पायी गयी जिसके आँकड़े तालिका 6 एवं चित्र 33 में दर्शाये गये है।

Coccinellid predators

The population of coccinellid predators was observed in mango orchard during 10-13th SMW of March, 2016. Five species of coccinellids *viz.*, *Coccinella septempunctata*, *Menochilus sexmaculata*, *C. transversalis*, *Cryptolaemus* sp. and *Brumus* sp. were observed in the mango ecosystem and among them, three species were most frequently observed and their incidence was recorded (Table 6, Fig. 33).

तालिका 6. कोक्सीनेलिड परभक्षी कीटों की संख्या
Table 6. Population of *Coccinellid* predators

प्रजाति Species	प्रति पेड़ वयस्क वीटिल की संख्या (लॉग मूल्य) Number of adult beetles per tree (Log value)			
	10वाँ सप्ताह 10th SMW	11वाँ सप्ताह 11th SMW	12वाँ सप्ताह 12th SMW	13वाँ सप्ताह 13th SMW
सी. सेप्टेमपुंकटाटा *C. septempunctata*	1.95	2.71	3.30	3.37
एम. सेक्समाकुलाटा *M. sexmaculata*	1.61	2.20	2.40	1.95
सी. ट्रांसवर्सेलिस *C. transversalis*	0.00	1.39	0.69	0.69



चित्र 33. *कोक्सीनेलिड* प्रजाति कीटों की संस्थान प्रक्षेत्र में संख्या
Fig. 33. *Coccinellid* species complex at experimental farm

आम के परागण कीटों में विविधता

आम के बौर पर 34 प्रजातियों के कीट पाये गये, जिनमें सर्वाधिक सिरफिड कुल से थे (तालिका 7, चित्र 34)। परागण कीटों की सर्वाधिक सक्रियता प्रातः 10.00 से 11.00 बजे एवं शाम 04.00 से 05.00 बजे के मध्य देखी गयी (चित्र 35)।

Pollinators diversity on mango

Thirty-four species were recorded from the mango blossoms (Table 7). Syrphidae were the dominant family (Fig. 34). The pollinators were most active during 10.00-11.00 hours and 16.00-17.00 hours of the day (Fig. 35).

तालिका 7. आम के बौर पर भ्रमणकारी कीट

Table 7. Mango flower visitors

वर्ग / Order	कुल / Family	प्रजातियाँ / Species
हाइमेनोप्टेरा / Hymenoptera	एपिडी / Apidae	6
	विस्पीडी / Vespidae	2
	जाइलोकोपिडी / Xylocopidae	2
	अन्य / Unidentified	3
डिप्टेरा / Diptera	सिरफिडी / Syrphidae	4
	मससिड़ी / Muscidae	3
	सरकोफेगिडी / Sarcophagidae	2
	कैलीफोरिडी / Calliphoridae	3
	अन्य / Unidentified	4
कोलिओप्टेरा / Coleoptera	कोक्सीनेलिडी / Coccinalidae	5
	योग / Total	34



चित्र 34. आम के बाग में परागण कीटों का घनत्व

Fig. 34. Pollinators' diversity in mango orchard



चित्र 35. परागण कीटों की समयानुसार संख्या

Fig. 35. Diurnal variation in pollinator's abundance

संस्थान प्रक्षेत्र में भुनगा कीट जाति का सम्मिश्रण

संस्थान के रहमानखेड़ा प्रक्षेत्र पर आम की भुनगा कीट की विभिन्न प्रजातियों के प्रकोप के आँकड़े वर्ष 2015–16 में साप्ताहिक आधार पर एकत्र किये गये। बौर विकास काल में तीनों प्रजातियों के भुनगा कीट बहुतायत से पाये गये। *आइडियोस्कोपस क्लाइपिएलिस* प्रजाति का भुनगा बौर विकास उपरांत 17वें सप्ताह में समाप्त हो गया। जबकि *आई. निटीडुलस* वर्ष के अंतिम सप्ताह से 35वें सप्ताह तक पाया गया। *ए. एटकिनसोनी* की उपस्थिति वर्ष भर दर्ज की गयी (चित्र 36)।

Species composition of hopper at ICAR-CISH experimental farm

The species composition of mango hoppers during different standard weeks of the year 2015-16 has been observed at the experimental farm of ICAR-CISH. The species *Amritodes atkinsoni* was observed as dominant species in the mango ecosystem and occurring throughout the year. The population of *Idioscopus nitidulus* dominates initially up to the month of February and then the population was observed rarely after 35th SMW. The population of species *I. clypealis* was observed only during flowering period up to 17th SMW and then the population decreased (Fig. 36).



चित्र 36. संस्थान के रहमानखेड़ा प्रक्षेत्र पर भुनगा कीट की प्रजातियों की संख्या
Fig. 36. Species composition of hopper at ICAR-CISH experimental farm during 2015-16

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भुनगा कीट की प्रजातियों का विवरण

उत्तर प्रदेश के प्रमुख आम उत्पादक क्षेत्रों में नवंबर 2014 से जनवरी 2015 के मध्य भुनगा की प्रजातियों का संग्रह हेतु सर्वेक्षण का कार्य किया गया। अध्ययन से ज्ञात हुआ कि *ए. एटकिनसोनी* अधिकता में और *आई. निटीडुलस* कम पाया गया। इस समयावकास में भुनगा कीट की और कोई प्रजाति नहीं पायी गयी।

भुनगा, थ्रिप्स और गुजिया कीटों की संख्या गतिकी

वर्ष 2015–16 के दौरान आम के बागों में भुनगा, थ्रिप्स और गुजिया कीटों की संख्या साप्ताहिक अंतराल पर दर्ज की गयी। बागों में भुनगा की उपस्थिति दूसरे सप्ताह से लेकर 48वें सप्ताह तक लगातार दर्ज हुई। बौर पर भुनगा कीट की औसत संख्या 0.23–12.04 प्रति बौर देखी गयी। कीट की संख्या में 38 से 52 वें तथा 1–10 वें सप्ताह के मध्य कमी (0–1.62 और 0.19–0.39, क्रमशः) देखी गयी (चित्र 37)। भुनगा की संख्या और अधिकतम तापमान (आर = 0.45), न्यूनतम तापमान और धूप के घण्टों में सकारात्मक संबंध देखा गया। इसके विपरीत आपेक्षिक आर्द्रता से नकारात्मक (आर = –0.392) संबंध पाया गया। गुजिया कीट की उपस्थिति 5वें से 26वें सप्ताह के मध्य देखी गयी। इस दौरान प्रति बौर गुजिया कीट की

Species composition of mango hopper in different districts of Uttar Pradesh

A preliminary survey was made to observe hopper species composition at different mango belts of Uttar Pradesh during pre flowering season of mango. The mango hoppers collected from 51 locations were sorted for species composition during the survey from November, 2014 to January, 2015. The species *A. atkinsoni* was observed to dominate in all the surveyed districts followed by *I. nitidulus*. The species *I. clypealis* was not observed during this period.

Population dynamics of mango hopper, thrips and mealybug

The hopper, thrips and mealybug population was monitored in the mango orchards during 2015-16. The results indicated that the hoppers started to appear from 2nd standard week and continued up to 48th standard week. The average number of hoppers per panicle ranged from 0.23 - 12.04. However, the hopper populations observed between 38-52nd and 1-10th standard weeks ranged from 0-1.62 and 0.19-0.39, respectively (Fig. 37). Mango hopper population was positively correlated with maximum temperature (r = 0.450), minimum temperature, sunshine hours (r = 0.333) and negatively correlated with maximum and minimum relative humidity (r = -0.392). The population of mealybugs in mango first appeared on 5th standard week and continued up to 26th standard week. The average number of mealybug per panicle ranged from 0.23–9.58. The maximum number of mealybug was observed from 9.3 to 9.58 during 13-14th



चित्र 37. भुनगा, थ्रिप्स और गुजिया कीटों की संख्या गतिकी
Fig. 37. Population dynamics of mango hopper, thrips and mealybug

औसत संख्या 0.23 से 9.58 के मध्य दर्ज हुयी (चित्र 37)। कीट की संख्या, वृद्धि, अधिकतम तापमान (आर = –0.227) तथा सूर्य प्रकाश अवधि (आर = 0.296) के मध्य सकारात्मक एवं न्यूनतम आपेक्षिक आर्द्रता से नकारात्मक (आर = –0.526) संबंध पाया गया। बागों में थ्रिप्स की उपस्थिति 6वें से 39वें सप्ताह के मध्य देखी गयी। इसकी औसत संख्या 0.06–4.94 के मध्य तथा अधिकतम संख्या (4.06 से 4.94) 20वें और 21वें सप्ताह में देखी गयी (चित्र 37)। थ्रिप्स की संख्या का विकास अधिकतम तापमान (आर = 0.464) और सूर्य प्रकाश अवधि (आर = 0.479) से सकारात्मक तथा आपेक्षिक आर्द्रता (आर = –0.504) से नकारात्मक रूप से संबंधित पाया गया।

थ्रिप्स कीट की संख्या गतिकी का विश्लेषण

वर्ष 2013 से 2015 के मध्य थ्रिप्स कीट की संख्या को आधार बनाकर इसकी गतिकी का समान विश्लेषण किया गया। तीनों वर्षों में इसकी अधिकतम संख्या क्रमशः 13–24वें, 15–28वें और 16–28वें सप्ताह के मध्य पायी गयी। रूझान देखने पर ज्ञात हुआ कि प्रति वर्ष थ्रिप्स कीट का विकास एक सप्ताह के विलंब के साथ संपन्न हुआ। तापमान और आपेक्षिक आर्द्रता को इसके लिए उत्तरदायी माना गया जिसने न सिर्फ कीट को बल्कि पौधों में नयी पत्तियों में विकास के समय को भी प्रभावित किया। इन वर्षों में कीट की अधिकतम संख्या क्रमशः 6.2, 5.4 और 4.7 कीट प्रति थपकी पायी गयी (चित्र 38)।

standard weeks (Fig. 37). Mango mealybug population positively correlated with maximum temperature (r = 0.227), sunshine hours (r = 0.296) and negatively correlated with minimum relative humidity (r = -0.526). It was non-significant with maximum temperature and relative humidity. The thrips population started to appear from 6th standard week and continued up to 39th standard week. The average number of thrips per panicle ranged from 0.06 – 4.94. The thrips population was not observed during 40-52nd and 1-5th standard weeks (Fig. 37). The maximum number of thrips observed during 20-21st standard weeks ranged from 4.06 to 4.94. Mango thrips population was positively correlated with maximum temperature (r = 0.464), sunshine hours (r = 0.479) and negatively correlated with maximum and minimum relative humidity (r = -0.504).

Analysis of mango thrips population dynamics

Three years' mango thrips population (2013-2015) data was used to analyze the trend. It was found that the highest mango thrips population was observed between 13th standard meteorological weeks (SMW) to 24th SMW during 2013. In 2014, thrips population was observed from 15th SMW to 28th SMW. During the year 2015, thrips occurrence was found from 16th to 28th SMW. The trend indicated one-week delay in thrips occurrence in mango each year, this delay attributes to the variation in temperature and relative humidity which regulated the mango phenology. The peak infestation of mean number of thrips on mango *i.e.*, 6.2/tap, 5.4/tap and 4.7/tap was observed during



चित्र 38. विभिन्न वर्षों में लखनऊ जिले में थ्रिप्स कीट की संख्या गतिकी
Fig. 38. Population dynamics of mango thrips in Lucknow during different years

कीट की संख्या का विकास आम के वृक्षों पर बौर, पत्तियों एवं फलों के विकास के अनुरूप था। थ्रिप्स की संख्या पर आपेक्षिक आर्द्रता और तापमान दर का विपरीत प्रभाव देखा गया।

आम की फल मक्खी (*बैक्ट्रोसेरा* प्रजाति) की प्रजातीय संरचना एवं संख्या गतिकी

आम के बागों में फल मक्खी की संख्या का आँकलन मिथाइल यूजीनॉल ट्रेप में आकर मरी नर मक्खियों की संख्या के आधार पर किया गया। आम के बागों में कीट की अधिकतम संख्या (2069.8 मक्खी प्रति ट्रैप प्रति सप्ताह) 34वें सप्ताह में पायी गयी (चित्र 39)। फल मक्खी कीट की प्रजातीय संरचना के अध्ययन से ज्ञात हुआ कि *बी. डोर्सेलिस* अधिकता में (90 प्रतिशत) पायी गयी। इसके बाद *बी. जोनाटा* (1–8 प्रतिशत) और *बी. कुकुरबिटी* (1 प्रतिशत से कम) पायी गयी।

2013, 2014 and 2015, respectively (Fig. 38). Peak infestation was synchronized with flowering, fruit development and vegetative stages of mango. Thrips population was found negatively correlated with maximum relative humidity, minimum relative humidity and evaporation.

Population dynamics and species composition of mango fruit flies (*Bactrocera* sp.)

Population of fruit flies in mango was monitored through methyl eugenol traps during fruiting period. Population attained peak in mango orchards (2069.8 fruit flies/trap/week) during 34th standard week (Fig. 39). Species composition study revealed that during July, *B. zonata* was found to be in the range of 1 to 8 per cent, *B. cucurbitae* comprising less than one per cent. However, overall *B. dorsalis* was dominating with more than 90 per cent.



चित्र 39. फल मक्खी की आम के बागों में संख्या
Fig. 39. Population of fruit flies on mango

आम की बौर मिज

मिज कीट का प्रकोप फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होकर मार्च महीने के द्वितीय सप्ताह में अपने अधिकतम स्तर (1.11 प्रतिशत) तक रहा। इस कीट का प्रकोप आर्थिक क्षति स्तर से नीचे रहा (तालिका 8)।

आम के जाला कीट का प्रकोप

जाला कीट का प्रकोप 20वें से 49वें सप्ताह के मध्य देखा गया (चित्र 42)। अधिकतम 11.9 जाला प्रति पेड़, 36वें सप्ताह में देखे गये। न्यूनतम आपेक्षिक आर्द्रता से जाला कीट के प्रकोप का संबंध सकारात्मक (आर = 0.405**) पाया गया।

तालिका 8. आम के बौर मिज की कीट की संख्या गतिकी
Table 8. Dynamics of mango inflorescence midge (Superscripts are Duncan subset for alpha = 0.05)

सप्ताह / SMW	प्रकोप प्रतिशत / Incidence (%)
4th	0.02[a]
5th	0.46[b]
6th	0.65[bc]
7th	0.12[a]
8th	0.58[bc]
9th	0.51[bc]
10th	0.87[cd]
11th	1.11[d]
12th	0.82[bcd]
13th	0.75[bc]

नाशी कीटों का समेकित प्रबंधन

जैव नाशी के प्रयोग से गुजिया कीट का प्रबंधन

बिवेरिया बेसियाना के स्थानीय कल्चर सी.आई.एस.एच. एमएमवी बीबी–1 को चावल के दानों पर उगाकर प्रयोग हेतु इसके बीजाणु बड़ी संख्या में उत्पन्न किये गये। प्रयोगशाला में गुजिया कीट के प्रथम अवयस्क पर $1X10^9$ बीजाणु प्रति मिली का छिड़काव किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप 7 दिन के अंदर 85–92 प्रतिशत कीट मृत्यु को प्राप्त हुए।

जाला कीट का नये सुरक्षित कीट नाशक द्वारा प्रबंधन

प्रयोगशाला में जाला कीट के अवयस्कों पर बैन्जीन डाईकार्बोक्सामाइड (फ्लूबेन्डामाइड 460 घुलनशील सांध्र) 0.05 मिली प्रति ली की दर का प्रभाव देखा गया। रसायन

Mango inflorescence midge

Incidence of mango inflorescence midge started from February 1st week (0.02%) and reached its peak (1.11%) by 2nd week of March, 2016. However, pest has not reached its threshold level (Table 8).

Incidence of mango leaf webber

During 2015, leaf webber infestation on mango was observed from 20th to 49th SMW (Fig. 42). Peak infestation (11.9 webs/tree) was recorded during 36th SMW. The leaf webber infestation was positively correlated with minimum relative humidity (r = 0.405**).



चित्र 42. जाला कीट प्रकोप का साप्ताहिक विवरण
Fig. 42. Weekly incidence of mango leaf webber

Integrated management of insect pests

Management of mango mealybug using bio-agents

Bioefficacy of a native strain of entomopathogenic fungus, *Beauveria bassiana* CISH MMB Bb-1 strain was tested against mango mealybug. It was successfully mass multiplied in the laboratory using rice culture media. The bio efficacy was also tested on first instar of *D. mangiferae* using concentration of $1x10^9$ conidial spores per ml solution along with the sticking agent and the result showed 85-92 per cent mortality seven days after treatment under ambient conditions.

Management of mango leaf webber with safer and newer insecticide molecules

The bioefficacy of a benzene dicarboxamide compound flubendamide 460 SC at 0.05 ml/l was tested against different sized larvae of mango leaf webber under laboratory conditions. The chemical

से शोधित पत्तियाँ कीटों को खिलायी गयी। एक दिन (24 घंटे) उपरांत निरीक्षण में पाया गया कि 1–10 मिमी माप की सारी सूड़ियाँ मर गयीं, 11–20 मिमी वाली 80 प्रतिशत और 21–30 मिमी वाली 93.3 प्रतिशत सूड़ियाँ मरी हुई पायी गयीं। एक अन्य परीक्षण में *क्लेरोडेन्ड्रम इनफोरचुनेटम* की 10 पत्तियों से 100 मिली पानी में रस निकाल कर जालाकीट और फल बेधक पर प्रयोग किया गया लेकिन अप्रभावी पाया गया।

आम के जननद्रव्य पर जाला कीट का प्रभाव

जाला कीट की आम के 50 जननद्रव्यों पर उपस्थिति का आँकलन किया गया। आम के 28 जनन द्रव्यों पर जालों की औसत संख्या 0–20, 13 जनन द्रव्यों पर 21–40, 5 पर 41–60, 3 पर 61–80 और एक पर 80 से अधिक पायी गयी। बरेली जननद्रव्य के वृक्षों पर सर्वाधिक 105.5 जाले प्रति पेड़ पाये गये तथा न्यूनतम 2.5–3.0 जाले गोवा, बंगलौरा, बॉम्बे बाटली और मल्लिका पर पाये गये।

अमरूद (*सीडीयम ग्वाजावा* एल.)

अमरूद के प्ररोह बेधक कीट, *माइक्रोकोलोना टेक्नोग्राफा* (गेलेचिडी: लेपीडोप्टेरा)

कीट का प्रकोप दिसंबर 2015 से जनवरी 2016 के मध्य देखा गया। अधिकतम प्रभावित प्ररोह (14.6 प्रति वृक्ष) 51वें सप्ताह के दौरान देखे गये (चित्र 43)।

treated leaf discs were provided to larvae. The result after 24 hrs showed that flubendamide caused 100 per cent mortality in small sized larvae (1-10 mm), 80 and 93.3 per cent in medium (11-20 mm) and large (21-30 mm) sized larvae, respectively. In another experiment with aqueous extracts of *Clerodendrum infortunatum* (10 g leaves in 100 ml) was tested against fruit borer and leaf webber with sticking agent. No mortality was found in fruit borer larvae 24 hrs after treatment.

Evaluation of mango germplasm against leaf webber

Fifty mango germplasms have been screened for natural infestation of leaf webber in terms of average number of webs/tree. The number of webs 0-20 in twenty eight germplasms, 21-40 in thirteen, 41-60 in five, 61-80 in three and one germplasm with > eighty. The highest number of webs were observed in germplasm Bareilly (105.5 webs/tree) and least number of webs observed in Goa, Bangalora, Bombay Batli and Mallika (2.5 – 3.0 webs/tree).

GUAVA (*Psidium guajava* L.)

Incidence of guava shoot borer, *Microcolona technographa* (Gelechidae: Lepidoptera)

Incidence of guava shoot borer was recorded during December, 2015 to January, 2016. Maximum infestation by guava shoot borer was observed during 51st SMW with 14.6 infested shoots per plant (Fig. 43).



चित्र 43. अमरूद के प्ररोह वेधक कीट का रहमानखेड़ा प्रयोग प्रक्षेत्र पर प्रकोप।
Fig. 43. Incidence of guava shoot borer in ICAR-CISH, Rehmankhera experimental farm

अमरूद की फल मक्खी की प्रजातीय संरचना एवं संख्या गतिकी

आम की तरह, अमरूद की फल मक्खियों की संख्या का आँकलन मिथाइल यूजीनॉल ट्रेप द्वारा किया गया। कीट की अधिकतम संख्या (1188.5 मक्खी प्रति ट्रेप) जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में पायी गयी। (चित्र 40)।

Population dynamics and species composition of guava fruit flies (*Bactrocera* sp.)

Population of fruit flies on guava was monitored through methyl eugenol traps during fruiting period. The catches of fruit flies differed significantly during the period of observation. The higher population was recorded in guava orchards during July, 2015. Population attained peak in guava orchards (1188.5 fruit flies/trap/week) during 31st standard week (Fig. 40).



चित्र 40. फल मक्खी की अमरूद के बागों में संख्या।
Fig. 40. Population of fruit flies on guava

सामान्य तौर पर फल मक्खी अमरूद के बागों में वर्ष भर सक्रिय पायी गयी लेकिन 17 वें से 46 वें सप्ताह के मध्य इसकी संख्या खतरे के स्तर से अधिक रही (चित्र 41)। जुलाई माह में किये गये प्रजातीय संरचना के अध्ययन के सन्दर्भ में *बैक्टोसेरा डोर्सेलिस* 90 प्रतिशत, *बी. जोनाटा* 1–8 प्रतिशत और *बी. कुकुरविटी* एक प्रतिशत से कम संख्या में पायी गयी।

Species composition study revealed that during July *B. zonata* was found to be in the range of 1 to 8 per cent and *B. cucurbitae* comprising less than one per cent. However, overall *B. dorsalis* was dominating with more than 90 per cent. Fruit flies were present throughout the year in guava orchard. However, their population reached to threshold level during the 17th to 46th meteorological weeks (Fig. 41).



चित्र 41. अमरूद के बागों में फल मक्खी की साप्ताहिक संख्या।
Fig. 41. Seasonal abundance of fruit fly in guava orchard

सूत्रकृमि विज्ञान

जाला कीट के विरूद्ध *स्टीनरनीमा अब्बासी* की प्रभाविकता

प्रयोग प्रक्षेत्र पर जाला कीट (*ओरथेगा इयूड्रूसेलिस*) के प्रबंधन हेतु *स्टीनरनीमा अब्बासी* की तृतीय अवस्था की अवयस्कों पर छिड़काव किया गया। जिसके परिणामस्वरूप 40 प्रतिशत जाला कीट की सूड़ियाँ मृत पायी गयी। प्रयोगशाला में 100 प्रतिशत प्रभाव की अपेक्षा प्रक्षेत्र में कम प्रभाविकता के पीछे कम नमी और सूर्य की धूप कारक रहे होंगे।

दीमक के विरूद्ध *एस. अब्बासी* की प्रभाविकता

प्रयोगशाला में 28 °से. तापमान पर *एस. अब्बासी* की तृतीय अवस्था की अवयस्क दीमक, *ओडोन्टोटर्मिस ओबेसस* की 90 प्रतिशत संख्या को 24–48 घंटे में मारने में सक्षम पायी गयी। बागों के अंदर आम के पेड़ के तनों पर इस सूत्रकृमि के छिड़काव से 80 प्रतिशत दीमक मर गयी साथ ही दोनो ही प्रकार के परीक्षणों में प्रत्येक दीमक के अंदर से सूत्रकृमि पाये गये।

एस. अब्बासी के लिए उचित तापमान आवश्यकता

एस. अब्बासी की तापमान आवश्यकता पर प्रयोगशाला में किये गये शोध उपरांत पाया गया कि इस सूत्रकृमि की संक्रामक अवयस्क 28 °से. सर्वाधिक सक्रिय होती है। इसके साथ ही यह सूत्रकृमि 20–30 °से. के मध्य सक्रिय रहता है तथा 15 °से. पर इसकी सक्रियता घट जाती है और यह कीट को मारने में तो सक्षम रहती है लेकिन उनके अन्दर से पुनः बाहर नहीं आ पाती।

कीट रोगकारी सूत्रकृमि हेतु आम के बागों का सर्वेक्षण

रहमानखेड़ा प्रयोग प्रक्षेत्र एवं आस–पास के क्षेत्रों से मिट्टी के 30 नमूनों संग्रह किये गये। मिट्टी के नमूनों पर *गेलेरिया मेल्लोनिल्ला* की सूँडियों को छोड़ा गया लेकिन किसी भी नमूने में कीट रोगकारी सूत्रकृमि नहीं पाये गये।

उत्तर प्रदेश स्थित अमरूद के बागों में रोगकारी फफूँद एवं सूत्रकृमियों की पहचान

लखीमपुर जिले के उमर लखा और दिलावरपुर गाँवों में

Nematology

Bio-efficacy of *Steinernema abbasi* against leaf webber

The bio-efficacy of *S. abbasi* was evaluated against mango leaf webber, *Orthaga euadrusalis* under field conditions. Foliar application of third stage infective juveniles resulted in 40 per cent mortality of last instar larvae of *O. euadrusalis* as against 100 per cent mortality under laboratory conditions. This low mortality may be attributed to environmental factors (sun radiation and low moisture levels).

Bio-efficacy of *S. abbasi* against termite

In-vitro bioefficacy of *S. abbasi* was tested against termite, *Odontotermes obesus* at 28 °C. Third stage infective juveniles of *S. abbasi* were able to execute 90 per cent mortality of insect within 24-48 hours and 100 per cent emergence of infective juveniles was observed from all EPN infected cadavers under field conditions, trunk application of *S. abbasi* on mango resulted in 80 per cent mortality of termite and cent per cent nematode emergence was observed.

Optimum temperature requirement for *S. abbasi*

Optimum temperature requirement was worked out for *S. abbasi* under laboratory conditions. Infective juveniles of *S. abbasi* were incubated at different temperatures. The results revealed that the development and infectivity of *S. abbasi* was maximum at 28 °C followed by 30, 25 and 20 °C. At 15 °C, there was mortality of insect but no nematode emergence was observed.

Survey for EPN for mango orchard

Thirty soil samples were collected from mango orchards of ICAR-CISH, Rehmankhera and adjoining villages for the presence of entomopathogenic nematodes. Soil samples were baited with last instar larvae of *Galleria mellonella*. None of the samples tested positive for the presence of EPN.

Occurrence and identity of nematode fauna and fungal flora associated with guava orchards located in certain districts of UP

Soil and root samples collected from Lakhimpur

चित्र 44. अमरूद का उकठा प्रभावित वृक्ष एवं उसी पेड़ की संक्रमित जड़ें
Fig. 44. Wilted guava tree and infection of root-knot nematodes in roots of same tree

अमरूद के पौधों की जड़ों में जड़ ग्रन्थि सूत्रकृमि का गंभीर प्रकोप देखा गया (चित्र 44)। साथ ही जड़ों पर उपस्थित सूत्रकृमि द्वारा उत्पन्न 30–60 प्रतिशत ग्रन्थियों में *फ्यूजेरियम ऑक्सीस्पोरम* नामक रोगकारी फफूँद पाया गया। इसके विपरीत दिलावरपुर गाँव के एक अन्य एल–49 के बाग में पेड़ पूर्णतः स्वस्थ पाये गये। इन दोनों ही गाँवों में अमरूद के पौधे मलिहाबाद (लखनऊ) और काइमगंज (फरूखाबाद) से लाकर लगाये गये है। हरदोई से फरूखाबाद और काइमगंज मार्ग पर स्थित बागों के निरीक्षण एवं वहाँ से लिए गये मृदा के नमूनों से ज्ञात हुआ कि अमेठी, कोरिया और घुढ़ाबाद में स्थित बागों में मृदा में जड़ ग्रंथि सूत्रकृमि नहीं था। रजला मऊ, मिल्किया, पापरी खुर्द, मीरपुर और बदजाला स्थित पौध शालाओं एवं बागों में जड़ ग्रंथि सूत्रकृमि का गंभीर संक्रमण (5–8 सूड़ी प्रति 50 घन सेमी मिट्टी) पाया गया। जड़ ग्रंथि युक्त 40–80 प्रतिशत जड़ों में *एफ. आक्सीस्पोरम* फफूँद भी पाया गया (चित्र 45)। बदायूँ जिले में सर्वेक्षण के दौरान 1–2 वर्ष उम्र के अमरूद के ढेरों पौधे मरे हुए पाये गये। ऐसे पौधों की जड़ों में सूत्रकृमि उत्पादित ग्रन्थियाँ बड़ी

Kheri district revealed the occurrence of root-knot nematode in Umar Lakha and Dilawarpur villages on guava cv. Qaimganji Safeda coupled with occurrence of *Fusarium oxysporum* (30-60%) in galled portion of roots (Fig. 44). Conversely, guava plants cv. L-49 cultivated in Dilawarpur village were largely found healthy. Planting material in both the villages reportedly was procured from nurseries located in Qaimganj (Farrukhabad) and Malihabad (Lucknow), respectively. Surveys conducted in orchards located around Hardoi-Farrukhabad–Qaimganj Road particularly in Amethi, Koria and Ghudhabad also exhibited very low population of nematodes. Samples collected from nursery in Razla Mau, closely located to Qaimganj, were found to have the plants infested with root-knot nematode (5-8 juveniles/50 cc soil). Soil and root samples collected from nurseries located in Milkia, Papri Khurd, Mirpur and Badjala displayed heavy infestation of root-knot nematode (Fig. 45). Galled portion also had infection of *F. oxysporum* (40-80%). Surveys undertaken in nurseries and orchards of guava in Badaun district revealed high degree of mortality of 1-2 year old grafted plants as well as seedlings. Roots of the plants were found to have

चित्र 45. उकठाग्रस्त अमरूद की पौध एवं उकठा प्रभावित पौधों की जड़ों में जड़ ग्रन्थि रोग के लक्षण
Fig. 45. Wilted guava grafts and symptoms of root-knot nematodes infection in roots of wilted grafts

संख्या में पायी गयीं। प्रभावित जड़ों में या ग्रन्थि के 5X2 मिमी आकार से 5–20 तक सूत्रकृमि की मादायें प्राप्त की गयीं। पौधशालाओं की भूमि में विगत में सब्जी, विशेष रूप से बैगन की खेती की जाती थी। इस क्षेत्र की अधिकांश पौधशालाओं में काइमगंज सफेदा के पौधे तैयार किये जा रहे थे। अमरूद की ककराला फल पट्टी में अधिकांश बागों में सूत्रकृमि का प्रकोप देखा गया जिससे पेड़ मर रहे थे। बदायूँ जिले में स्थित अमरूद के बागों में जड़ग्रन्थि सूत्रकृमि का अत्यधिक फैलाव संक्रमित पौध के माध्यम से ही हुआ था। विभिन्न क्षेत्रों (ककराला रोड, इस्माइलगंज, ककरौली, ककरौली खुर्द और सकाम) में जड़ ग्रन्थि सूत्रकृमि का संक्रमण नहीं पाया गया। मलिहाबाद विकास खण्ड में स्थित पौधशालाओं से एकत्रित मिट्टी के नमूनों में जड़ ग्रन्थि सूत्रकृमि की उपस्थिति दर्ज नहीं हुई। परंतु माल विकास खण्ड की चार पौधशालाओं में जड़ ग्रन्थि रोग की भरमार पायी गयी (चित्र 46)। सड़न ग्रस्त या जड़ ग्रन्थि भाग में 5–15 सूत्रकृमि मादायें तथा 40–90 प्रतिशत नमूनों में *एफ. आक्सीस्पोरम* की उपस्थिति पायी गयी।

अमरूद के जड़ ग्रन्थि सूत्रकृमि (*मेलोइडोगाइन* प्रजाति) की पहचान

लखीमपुर खीरी, बदायूँ और लखनऊ जिलों में अमरूद पर पाये गये जड़ ग्रन्थि सूत्रकृमियों को बैगन और अमरूद की पौध में संक्रमण कराया गया। संक्रमण के 40–60 दिन उपरांत जड़ों पर ग्रन्थियों का विकास देखा गया। वयस्क मादाओं को जड़ से निकाल कर उनमें पेरीनियल क्रम का अध्ययन किया गया तथा पीसीआर परीक्षणों से पता चला कि यह *एम. इनकोगनीटा, एम.*

severe galling (Fig. 46). Around 5-20 females were found in the root pieces/gall measuring 5x2 mm size. Vegetable cultivation particularly brinjal was generally practiced in the plots being used for raising the seedlings required for developing the grafted plants. Qaimganji Safeda was a common cultivar being used for raising the nursery. Kakrala belt of guava has largely been found infested with root-knot nematode resulting in high degree of plant mortality. Supply of infected planting material seems to be sole factor responsible for wide spread distribution of root-knot nematode. Root-knot nematode infestation could not be recorded from five other locations (Kakrala Road, Ismail Ganj, Kakroli, Kakroli Khurd, Sakame) having cultivation of guava. Population of root-knot nematode could not be noticed in any of the nurseries in Malihabad block. Plants were generally found healthy. Conversely, the four nurseries surveyed in Mall block were found to have heavy infestation of root-knot nematode. Galled/rotted roots yielded substantial population of root-knot nematode (5-15 in soft root, 6-10 females in hardy roots) and *F. oxysporum* (40-90%).

Identification of root-knot nematode (*Meloidogyne* sp.) infesting guava plants

Root-knot nematode population collected from Lakhimpur Kheri, Badaun and Lucknow was cultured on brinjal and guava seedlings either raised in root-knot nematode infested soil or inoculated with second stage juveniles exhibited distinct galls on root within 40-60 days of inoculation. Mature females were collected from the galls and processed for perineal pattern observation required for identification of the species. Study of hundred samples of perineal region revealed that the pattern

चित्र 46. उकठा प्रभावित पौधों की जड़ों में रोग के लक्षण
Fig. 46. Symptoms of infection in roots of wilted grafts



चित्र 47. *मेलाइडोगाइन* का पेरीनियल क्रम
Fig. 47. Perineal pattern of *Meloidogyne*



चित्र 48. बैंगन की जड़ से निकाले गये सूत्रकृमि का प्राइमर द्वारा पीसीआर एम्प्लीफिकेशन

Fig. 48. Nematode isolated from brinjal root were PCR amplified using nematode specific primer



चित्र 49. *मेलाइडोगाइन* के द्वितीय अवस्था के लाइसेट से पीसीआर एम्प्लीफिकेशन

Fig. 49. PCR amplification of lysate from single *Meloidogyne* second stage juvenile

जेवेनिका और *एम. एरेनेरिया* से अलग प्रजाति है (चित्र 47)। इसकी अंतिम पहचान पीसीआर उत्पाद क्रम से की जानी है (चित्र 48 एवं 49)।

रोग

एंथ्रेकनोज की गंभीरता एवं प्रसार

रोग का न्यूनतम विस्तार (23.7 प्रतिशत) और गंभीरता (13.5 प्रतिशत रोग सूचकांक) जुलाई माह के प्रथम पखवाड़े में पाया गया। नयी पत्तियों पर संक्रमण जुलाई से प्रारंभ होकर नवंबर माह तक होता रहा। रोग का अधिकतम विस्तार (39.1 प्रतिशत) और गंभीरता (28.50 प्रतिशत रोग सूचकांक) नवंबर माह के प्रथम पखवाड़े (45वें सप्ताह) में देखा गया (चित्र 50)।

on account of dorsal/ventral arche(s) including striae pattern (Fig. 47) and PCR results revealed that nematode populations from these regions is different from *M. incognita, M. javanica* (1.7 Kb) and *M. arenaria* (1.1 kb). However, this needs to be validated further with PCR product sequencing (Fig. 48 & 49).

Diseases

Prevalence and severity of anthracnose

Lowest incidence (23.7%) and severity (13.5 PDI) of disease was observed during first fortnight of July. Fresh infection started in the first week of July on new flushes which continued till November. Highest incidence 39.1 per cent and severity PDI (28.50) was recorded during 45th SMW *i.e.,* first fortnight of November 2015 (Fig. 50).



चित्र 50. एंथ्रेकनोज की गंभीरता एवं विस्तार
Fig. 50. Prevalence and severity of anthracnose in fixed plots

बौर के झुलसा रोग की गंभीरता एवं विस्तार

झुलसा के प्रारंभिक लक्षण 6वें मानक मौसम संबन्धी सप्ताह में उगते हुए बौर पर देखे गये। शुष्क मौसम और चमकीली धूप से रोग की तीव्रता कम रही (चित्र 51)। रोग की गंभीरता एवं विस्तार में धीरे–धीरे वृद्धि हुई और रोग के अधिकतम लक्षण 11वें सप्ताह में देखे गये।

खर्रा रोग की गंभीरता एवं विस्तार

रोग का अधिकतम प्रसार (27.5 प्रतिशत) और गंभीरता (18.2 प्रतिशत रोग सूचकांक) 12वें सप्ताह में देखे गये (चित्र 52)। घटते–बढ़ते तापमान के साथ शुष्क मौसम रोग के विकास में सहायक रहा लेकिन रोग नियंत्रण हेतु छिड़काव के कारण रोग का विकास सीमित रहा। सर्वेक्षण से प्राप्त आँकड़ों में अधिकतम रोग विस्तार 90 प्रतिशत और रोग की गंभीरता 57.5 प्रतिशत रोग सूचकांक तक बड्डूपुर (बाराबंकी) में मार्च के अंत में पायी गयी।

Prevalence and severity of blossom blight

Initial symptoms of blossom blight were observed on emerging panicles during 6th SMW. Weather conditions were dry and bright, so incidence of disease was very less (Fig. 51). Disease incidence and severity gradually progressed and attained peak during 11th SMW.

Prevalence and severity of Powdery mildew

Peak disease incidence (27.5%) and severity (PDI 18.2) was recorded during 12th SMW (Fig. 52). Dry weather with fluctuating temperature favoured disease development but incidence and severity were low in fixed plots due to application of proper disease management. In roving survey, incidence up to 90 per cent and severity up to 57.5 PDI were recorded at Baddupur, Barabanki during March end.



चित्र 51. निर्धारित बागों में झुलसा रोग का विस्तार एवं गंभीरता।
Fig. 51. Prevalence and severity of blossom blight in fixed plots



चित्र 52. निर्धारित बागों में खर्रा रोग का विस्तार एवं गंभीरता
Fig. 52. Incidence and severity of powdery mildew in fixed plots

शोल्डर ब्राउनिंग रोग की गंभीरता एवं विस्तार

लखनऊ जिले में और इसके आस–पास के जिलों में जून–जुलाई माह में किये गये सर्वेक्षण में शोल्डर ब्राउनिंग रोग का विस्तार 89.3 प्रतिशत तक तथा गंभीरता 21.7 प्रतिशत दर्ज की गयी। संस्थान के रहमानखेड़ा प्रक्षेत्र में मल्लिका प्रजाति पर इसका अधिकतम प्रकोप 39.0 प्रतिशत तक जुलाई माह में पाया गया।

आम के उकठा रोग का विस्तार

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, अमरोहा, बाराबंकी, बुलंदशहर, फैजाबाद, हरदोई, कानपुर नगर, कन्नौज, लखीमपुर, लखनऊ, मैनपुरी, मुरादाबाद, पीलीभीत, रायबरेली, रामपुर, शाहजहाँपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर और उन्नाव जिलों के सर्वेक्षण से 8 जिलों के 12 बागों में उकठा रोग का प्रकोप देखा गया। इन बागों में आम के पेड़ों की औसत उम्र 37. 9 वर्ष (22–64 वर्ष) थी। बिहार के गोपाल गंज, मोतीहारी, पूर्वी चंपारन, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी एवं शिवहर जिलों के सर्वेक्षण उपरांत उकठा रोग का प्रकोप मुजफ्फरपुर, दरभंगा और मोतीहारी जिलों में स्थित अनेक बागों में पाया गया। जबकि हिमाचल प्रदेश के उना जिले में भी आम का उकठा रोग पाया गया।

सिरेटोसिस्टिस फिम्ब्रियाटा का पृथक्कीकरण

सी. फिम्ब्रियाटा के पृथक्कीकरण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के तकनीकी में सुधार करते हुए मिट्टी एवं जड़ों के नमूनों को लंबाई में फाड़ी हुई गाजर के मध्य भाग में बनाये गये गड्ढे में रखा गया। उक्त टुकड़ों को अधिक आर्द्रता पर पेट्री प्लेट्स में 27 °से. तापमान पर रखकर फफूँदी के उगने का इंतजार किया गया। फफूँदी उपस्थित होने की दशा में, 4–5 दिन बाद स्लेटी रंग की वृद्धि देखी गयी। फफूँद की आकारिकी के अध्ययन से इसके 4 भिन्न चरित्र वाले कल्चर प्राप्त हुए। इस फफूँद के एल्यूरोकोनीडिया और एस्कोस्पोर्स के विकास का अध्ययन प्रयोशाला में किया गया (चित्र 53)।

Prevalence and severity of shoulder browning

Surveys were conducted during June and July, 2015 and low to moderate incidence of shoulder browning was recorded in and around Lucknow. Highest incidence (89.3%) with disease index (21.7%) was recorded during mid July in Barabanki and Lucknow districts. At Rehmankhera, first incidence was observed during 3rd week of June and highest average disease index (39.0%) on cv. Mallika during fourth week of July.

Prevalence of mango wilt

Observations regarding incidence of wilt disease were made in Aligarh, Amroha, Barabanki, Bulandshahar, Faizabad, Hardoi, Kanpur Nagar, Kannauj, Lakhimpur, Lucknow, Mainpuri, Moradabad, Pilibhit, Raebareli, Rampur, Shahjahanpur, Sitapur, Sultanpur and Unnao districts of Uttar Pradesh. Wilting of mango trees was recorded at twelve locations of eight districts. The age of wilted trees ranged from 22 to 64 years (average age 37.9 years). Survey was also conducted in Bihar (Gopalganj, Motihari, East Champaran, Muzaffarpur, Hazipur, Samastipur, Darbhanga, Sitamarhi and Shivhar districts) and wilt incidence was recorded from Muzaffarpur, Darbhanga and Motihari districts. In survey of Ludhiana, Ropar (Punjab) and Una (Himachal Pradesh) wilt incidence was recorded at one location in Una district.

Isolation of *Ceratocystis fimbriata*

The soil samples collected from wilt affected trees were used for isolation of *C. fimbriata* isolates. A new technique was developed for isolation which includes making cavities in half piece of carrot. Entire piece was sterilized and the soil (rizoplane)/ root pieces from wilting mango tree were placed in the cavity. These filled carrots pieces were placed in humid chamber and incubated at 27±1 °C. After 4-5 days, grey coloured fungus was developed, which was separated and purified. Morphological characterization helped in identification of four distinct isolates (CISH-CF-1-4) Developmental stages of aleurio conidia and formation of asco spores in cultures were also recorded (Fig. 53).

चित्र 53. फफूँद के चार (सीआईएसएच–सी एफ–1–4) पृथक और इसके एल्यूरोकोनीडिया और एस्कोस्पोर्स।
Fig. 53. Photographs of CISH-CF-1-4 isolates, its aleurio conidia and asco spores

सिरेटोसिस्टिस का आणविक चित्रण

ब्लास्ट के प्रयोग से डी.एन.ए. सीक्वेन्सों का विश्लेषण किया गया और *सी. फिम्ब्रियाटा* के एनसीबीआई डाटाबेस पर उपलब्ध विभिन्न पौधों से प्राप्त पृथकों (केजे 511491. 1, केएफ 650948.1) से 99 प्रतिशत समानता पायी गयी। सी.आई.एस.एच. प्रथक आम के वृक्षों से प्राप्त इटली के केसी 493167.1 प्रथक से 98 प्रतिशत और ब्राजील के एवाई 157964.1 से 95 प्रतिशत समान है। क्लस्टल परिणाम के अनुसार *सी. फिम्ब्रियाटा* के आम एवं अन्य पौधों से प्राप्त प्रथकों में अत्याधिक भिन्नता पायी गयी (चित्र 54)। सी.आई.एस.एच. प्रथक के न्यूक्लियोटाइड सीक्वेसेंस के फाइलोजेनेटिक अध्ययन से ज्ञात हुआ कि हमारा प्रथक आम और अन्य पौधों से प्रथकीकृत *सी. फिम्ब्रियाटा* के बहुत ही करीब है (चित्र 54)।

Molecular characterization of *Ceratocystis*

The sequences were analyzed using BLAST and showed 99 per cent homology to the *C. fimbriata* isolates (KJ511491.1, KF650948.1) from different hosts available on the NCBI database. Identified isolate is 98 per cent similar with *C. fimbriata* (KC493167.1) and 95 per cent with *C. fimbriata* (AY157964.1) isolates reported from *Mangifera indica* from Italy and Brazil, respectively. The Clustal1X results showed great variations within *C. fimbriata* isolates from mango and also from the other host plants (Fig. 54). Phylogenetic comparisons of the nucleotide sequences of CISH isolate with those of selected from Gene Bank were performed using MEGA 6 (Fig. 54). The nucleotide sequences of CISH isolate were closely grouped with *C. fimbriata* isolates from mango and other host plants.



चित्र 54. *सिरेटोसिस्टिस* के न्यूक्लियोटाइड सिक्वेंसो की फाइलोजेनेटिक तुलना
Fig. 54. Phylogenetic comparisons of the nucleotide sequences of *Ceratocystis*

सिरेटोसिस्टिस के संक्रमण की तने में विकास दर

आम के पौधों में कृत्रिम रूप से उकठा रोग उत्पन्न करने हेतु तने में 3–4 मिमी व्यास का 6–8 मिमी गहरा छिद्र बनाकर, उसमें फफूँद को प्रवेश कराना श्रेष्ठ पाया गया। संक्रमण की विकास दर 50, 75, 100 और 125 दिन उपरांत देखी गयी थी। तने के अंदर संक्रमण की वृद्धि के निरीक्षण से ज्ञात हुआ कि संक्रमण कराने के 75 दिन तक संक्रमण में कोई विशेष वृद्धि नहीं देखी गयी थी और 100 दिन बाद यह 1.5 सेमी तक बढ़ा। एक सौ पच्चीस दिन उपरांत किये गये निरीक्षण में संक्रमण का विकास 3.2 सेमी ऊपर और नीचे पाया गया। हालांकि विभिन्न रेप्लीकेट्स के मध्य अधिक असमानता (1.7–6.4 सेमी) पायी गयी। इस विषय पर कार्य प्रगति पर है।

सी. फिम्ब्रियाटा के नियंत्रण हेतु फफूँदी नाशकों का सापेक्ष प्रभाविकता परीक्षण

प्रयोगशाला विधि से फफूँदी नाशकों (थायोफेनेट मिथाइल 70 डब्लूपी, कार्बेन्डाजिम 50 डब्लूपी, प्रोपीकोनाजॉल 25 ईसी, हेक्साकोनाजॉल 5 एससी, केप्टान 70 + हेक्साकोनाजोल 5 डब्लूपी, मेटालेक्सिल 8 + मेन्कोजेब 64 डब्लूपी की न्यून दरों (0.01 से 0.08 प्रतिशत) को *सी. फिम्ब्रियाटा* के नियंत्रण हेतु प्रयोग किया गया। प्रयोग का 28 दिन तक निरीक्षण करने के बाद पाया गया कि सभी फफूँदी नाशक प्रभावी थे।

विभिन्न स्थानों पर हो रहे उकठा रोग का प्रबंधन

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के आम के उकठा या पतन रोग प्रभावित पेड़ों का उपचार थायोफेनेट मिथाइल, कार्बेन्डाजिम और प्रोपीकोनाजॉल से किया गया। उक्त उपचार से अचानक होने वाले उकठा रोग से ग्रस्त वृक्षों को बचाने में सफलता नहीं मिली। जबकि पतन या डिक्लाइन के लक्षणों से ग्रस्त 45 में से 43 पेड़ बचाये गये। थायोफेनेट मिथाइल से मृदा उपचार (150 ग्राम प्रति पेड़) और प्रोपीकोनाजॉल (0.1 प्रतिशत) का छिड़काव या थायोफेनेट मिथाइल (150 ग्राम प्रति पेड़) से मृदा उपचार और कार्बेन्डाजिम (0.1 प्रतिशत) का छिड़काव या कार्बेन्डाजिम (150 ग्राम प्रति पेड़) से मृदा उपचार और प्रोपीकोनाजॉल (0.1 प्रतिशत) का छिड़काव या थायोफेनेट मिथाइल

Progress rate of infection of *Ceratocystis* in stem

For successful production of wilt symptom in the mango plants, inoculation technique was standardized. Stem inoculation in 3-4 mm diameter and 6-8 mm deep holes in mango seedlings was found to be the best. Progress of infection was recorded at 50, 75, 100 and 125 days after inoculation. Initially, no significant progress was observed in the lesion size. In 75 days, only scar developed. In 100 days infection progressed and on an average, it was 1.5 cm up and down from the point of inoculation. Observations recorded after 125 days also, and the lesions further progressed to 3.2 cm above and below the inoculation point. However, the variation in progress rate ranged from 1.7 cm to 6.4 cm among the different replicates. Further, progress of infection will be recorded at frequent time intervals.

Comparative efficacy of selected fungicides at lower doses against *C. fimbriata*.

Comparative efficacy of fungicides (Thiophanate methyl 70 WP, Carbendazim 50 WP, Propiconazole 25 EC, Hexaconazole 5 SC, Captan 70 + Hexaconazole 5 WP, Metalaxyl 8 + Mancozeb 64 WP was tested at lower (0.01 to 0.08%) doses against *C. fimbriata* using poison food technique. Data recorded twenty eight days after culturing revealed that all the treatments were effective at lowest dose of 0.01 per cent. It indicated to work out further effective lower doses of the fungicides.

Management of mango wilt at various locations of disease incidence

Trees exhibiting typical initial symptoms of *Ceratocystis* wilt or decline were treated with suitable treatments at various locations of disease incidence. Trees were treated with thiophanate methyl, carbendazim and propiconazole. Management efforts made at different locations revealed that sudden wilt affected trees could not be saved at any location. The trees identified as diseased on the basis of decline symptoms, association of *C. fimbriata* confirmed and treated with different fungicides, were mostly saved (43 out of 45). Thiophanate methyl soil drench at 150 g/tree and aerial spray with propiconazole at 0.1% / thiophanate methyl soil drench at 150 g/tree and aerial spray with carbendazim at 0.1% / carbendazim soil drench at 150 g/tree and aerial

(5 ग्राम 50 मिली पानी में घोलकर) का तने में इन्जेक्शन और मृदा उपचार (150 ग्राम प्रति पेड़) के साथ कार्बेन्डाजिम (0.1 प्रतिशत) का छिड़काव रोग नियंत्रण हेतु प्रभावी पाये गये।

spray with propiconazole at 0.1%/ tree trunk injection at 5 g thiophanate methyl dissolved in 50 ml of water/ hole along with soil drench at 150 g/ tree and aerial spray with carbendazim at 0.1% were found effective in controlling mango wilt.

शोल्डर ब्राउनिंग रोग के नियंत्रण हेतु फफूँदीनाशकों की सापेक्ष प्रभाविकता

मौसम के पूर्वानुमान के अनुरूप मानसून आने के एक सप्ताह पहले फफूँदी नाशकों (प्रोपीकोनाजोल 25 ईसी), डाइफेनोकोनाजोल 25 ईसी और मायक्लोब्यूटानिल 10 डब्लूपी 0.1 प्रतिशत की दर पर तथा मेटालेक्सिल + मैन्कोजेब 8+64 डब्लू पी–0.2 प्रतिशत की दर पर छिड़काव किया गया था। सभी उपचार प्रभावी पाये गये। विशेष रूप से डाइफेनोकोनाजोल सर्वाधिक प्रभावी था (चित्र 55)।

चित्र 55. डाइफेनोकोनाजोल से उपचारित एवं अनुपचारित फल।

Fig. 55. Difenoconazole treated and untreated fruits

Comparative efficacy of fungicides for management of shoulder browning disease

Keeping in view weather prediction, spray of fungicides (propiconazole 25EC, difenoconazole 25EC and myclobutanil 10WP at 0.1% and metalaxyl + mancozeb 8+64WP @ 0.2%) was done a week before onset of monsoon. All the treatments were effective in comparison to control and difenoconazole was found to be the most effective fungicide with no disease symptoms on fruits (Fig. 55).

शोल्डर ब्राउनिंग के संदर्भ में वर्ष भर सूटी मोल्ड के नियंत्रण हेतु प्रबंधन कार्यक्रम का विकास एवं परीक्षण

फफूँदी नाशक, कीट नाशक, स्टार्च, गोंद और कैल्शियम नाइट्रेट के प्रयोग से चार भिन्न छिड़काव कार्यक्रम निर्धारित किये गये। इनका प्रयोग नवंबर 2015 से संस्थान के रहमानखेड़ा प्रक्षेत्र पर दशहरी प्रजाति के वृक्षों पर प्रारंभ किया गया। दूसरा और तीसरा छिड़काव फरवरी और मार्च 2016 के द्वितीय पखवाड़ों में किया गया। नवंबर माह में किये गये छिड़काव से काली फफूँद पर कुछ समय के लिए नियंत्रण तो हुआ लेकिन जनवरी–फरवरी में यह पुनः बढ़ गयी। मार्च में भुनगा की बढ़ी हुई संख्या के परिणामस्वरूप बढ़ता हुआ काला फफूँद भविष्य में ध्यान देने योग्य रहा (तालिका 4)।

Development and evaluation of management schedules for round the year management of sooty moulds for reducing shoulder browning

Four different spray schedules comprising of insecticides, fungicides, starch, gum and calcium nitrate were formulated. The application of schedules was started in III Block on mango cv. Dashehari during the month of November, 2015 followed by second and third spray during II fortnight of February and March, 2016. Results indicated that single spray during November was enough to take care of sooty mould development during December and January. However, during March increase in sooty mould was recorded, which indicated that more care is required against hoppers (Table 8).

तालिका 8. सूटी मोल्ड का प्रबंधन

Table 8. Management of sooty mould through spray schedules

कार्यक्रम Schedules	छिड़काव पूर्व रोग की गंभीरता PDI Before spray (07.11.2015)	छिड़काव के 1 माह उपरांत PDI 1 Month after spray (30.12.2015)	छिड़काव के 4 माह उपरांत PDI 4 Month after spray (31.03.2016)
1	17.8	9.0	13.0
2	14.6	10.2	12.8
3	14.0	10.4	13.0
4	11.8	7.8	13.0
Control	11.6	12.2	16.0
$CD_{0.05}$	2.1	1.5	1.7

ट्री आयल के फलों पर छिड़काव का लेन्टी कोशिकाओं पर प्रभाव

ट्री आयल की 0.1, 0.5, 1.0 और 1.5 प्रतिशत सांध्रता के छिड़काव का लेन्टी कोशिकाओं पर प्रभाव देखा गया। आम्रपाली और लंगड़ा प्रजाति के फलों पर 1.0 प्रतिशत तथा चौसा में 1.5 प्रतिशत दर के छिड़काव से लेन्टी कोशिकायें क्षतिग्रस्त हुई। मल्लिका और लखनऊ सफेदा के फलों पर कोई कुप्रभाव नहीं देखा गया।

पर्ण धब्बा रोगों के लक्षणों के मापन हेतु विधि एवं कंप्यूटर कार्यक्रम का विकास

आम के पेड़ के चारों ओर से पत्तियाँ तोड़कर, स्कैन करके उसकी डिजिटल छाया 200–300 डीपीआई पर तैयार की गयी। पत्तियों की विभिन्न प्रकार से माप लेने हेतु मेटलैब सॉफ्टवेयर में विधि विकसित की गयी। इस विधि में आरजीबी छाया को स्लेटी रंग में परिवर्तित किया जाता है। छाया के रोगी भाग को प्रकाशित कर इसे वाइनरी बनाकर वाइनरी छाया के छिद्र बंद करते हैं (चित्र 56)। वाइनरी छाया के धब्बों की सीमा निर्धारित करते हैं।

रोगग्रस्त क्षेत्रफल (प्रतिशत) = (ए–ए1) x 100 / ए

ए = पूरी पत्ती के क्षेत्रफल (काला+सफेद क्षेत्रफल)

ए1 = पत्ती के समस्त सफेद क्षेत्र का क्षेत्रफल, क्षतिग्रस्त भाग को छोड़कर।

Effect of spray of tree oil on lenticels on mango fruits

Testing of different concentrations (0.1, 0.5, 1.0 and 1.5%) of tree oil was done on different cultivars (Amrapali, Langra, Chausa, Lucknow Safeda and Mallika). Results revealed that lenticels in Amrapali and Langra were deformed at 1.0 per cent and in Chausa at 1.5 per cent concentration. No negative effect was observed in Mallika and Lucknow Safeda cultivars at 1.5 per cent.

Development of methodology and computer program for quantitative assessment of symptoms caused by leaf spot diseases

Leaves were randomly selected and collected from all sides of the mango trees cv. Dashehari, scanned and converted to digital image of 200-300 dpi resolution. Methodology and computer programme for calculation of leaf area and related leaf parameters *viz.*, length and width along major and minor axes, respectively, were developed in MatLab® software. Methodology includes converting RGB image to grey scale, thresholding grey image, converting to binary form and filling it. This will highlight the damaged area. The holes of binary image is then filled (Fig. 56). The boundary of object in binary image is then created.

Infected area (%) = (A – A1) x 100/A

A = area of whole leaf = bw area (L)

A1 = area of all white pixel of leaf excluding black pixel of damaged area)



चित्र 56. रोगग्रस्त रंग (बायें), स्लेटी छाया (मध्य) अंतिम छाया (दायें)

Fig. 56. Infected colour (left), grey image (Mid) and threshold and filtered image (right)

तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन

Post Harvest Management

आम (*मेंजिफेरा इंडिका* एल.)

भण्डारण एवं रखरखाव

सुरक्षित रासायनों का उपयोग करके आम का भण्डारण

दशहरी के परिपक्व फलों को 1 मिलीमोलर सेलेसिलिक अम्ल से उपचारित कर कमरे के तापमान (34±2 °से. और 85–90 प्रतिशत आर.एच.) पर भण्डारित किया गया। भण्डारण के नवें दिन में उपचारित फलों की तुलना में बिना उपचारित फलों के भार में अधिक कमी पाई गई।

आम की तुड़ाई उपरांत गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जैव–यौगिकों की प्रभावकारिता का परीक्षण

दशहरी के परिपक्व फलों को *सेकेरोमाइसिस सेरेविसी* के तीन प्रतिभेदों (टी$_1$, टी$_2$ और टी$_3$) से 10^8 कोशिकाएं प्रति मिली की दर से 10 मिनट तक उपचारित कर कमरे के तापमान पर रखा। भण्डारण के दसवें दिन सबसे अधिक भार में कमी (12.87 प्रतिशत) बिना उपचारित फलों में हुई। भंडारण के दौरान संपूर्ण घुलनशील ठोस में वृद्धि हुई तथा अम्लता एवं फल दृढ़ता में कमी हुई। अधिकतम कुल कैरोटीन टी$_2$ प्रतिभेद से उपचारित फलों में देखा गया। टी$_3$ प्रतिभेद से उपचारित फलों में गलन सबसे कम रहा। प्रति आक्सीकारक सक्रियता (एफ.आर.ए.पी. द्वारा) सबसे ज्यादा टी$_1$ में और डी.पी.पी.एच. द्वारा सबसे ज्यादा टी$_3$ में पाई गई।

भंडारण के दौरान फलों की गुणवत्ता पर सगंध तेल का प्रभाव

दशहरी आम के परिपक्व हरे फलों को तीन सगंध तेल (मेंथोल, जिरेनियम और पामारोजा) से उपचारित कर 9 दिन तक भंडारित किया गया। भंडारण के नौवे दिन बिना

MANGO (*Mangifera indica* L.)

Storage and handling

Storage of mango by use of safe chemicals

Mature green Dashehari fruits treated with 1 mM salicylic acid showed 12.37 per cent Cumulative Physiological Loss in Weight (CPLW) with total carotenoid content of 5.71 mg/100 g as compared to control with 18.79 per cent CPLW and carotenoid contents of 4.41 mg/100 g on the 9th day of storage under ambient conditions (34±2 °C and 85-90% RH).

Testing the efficacy of bio-formulations for improving post-harvest quality of mango

Mature green fruits of cv. Dashehari were treated with three strains of *Saccharomyces cerevisiae* as (T_1), (T_2), (T_3) @ 10^8 cells/ml for 10 minutes and control (T_4) where fruits were dip treated with water and stored under ambient conditions (34±2 °C and 85-90% RH). The CPLW was highest in T_4 (12.87%) on the 10th day of storage. The total carotenoids content was highest in T_2 (7.22 mg/100 g) on the 10th day of storage. The antioxidant content estimated by FRAP was maximum in T_1 (4602.22 µmole Trolox/g on the 10th day of storage. Per cent inhibition of antioxidants / free radicals estimated by DPPH was maximum in T_3 (76.47%) on the 10th day of storage. The spoilage of the fruit was minimum in T_3 (7.33%).

Effect of essential oil on fruit quality during storage

Mature green fruits of Dashehari were treated with three essential oils like menthol, geranium and palmarosa @ 0.01% along with control (dip treated with water) and stored under ambient conditions (34±2 °C and 85-90% RH). The CPLW was 16.73 per

उपचारित फलों के वजन में संपूर्ण दैहिक भार का नुकसान अधिकतम हुआ, इसके पश्चात् मेंथोल (12.64 प्रतिशत), जिरेनियम (12.41 प्रतिशत) एवं पामारोजा (11.21 प्रतिशत) तेल से उपचारित फलों में हुआ। मेंथोल से उपचारित फलों में कुल कैरोटीन 6.73 मिग्रा प्रति 100 ग्राम, जिरेनियम से उपचारित फलों में कुल कैरोटीन 7.10 मिग्रा प्रति 100 ग्राम, पामारोजा से उपचारित फलों में कुल कैरोटीन 7.98 मिग्रा प्रति 100 ग्राम एवं बिना उपचारित फलों में कुल कैरोटीन 5.11 मिग्रा प्रति 100 ग्राम पाया गया।

आम में तुड़ाई पूर्व एवं बाद की क्रियाओं में ऊर्जा उपयोग का परिमापन

वर्ष 2015 में आम की सभी सस्य क्रियाओं एवं तुड़ाई उपरांत क्रियाओं में ऊर्जा की आवश्यकता 8057–10205 मेगाजूल प्रति हेक्टेयर (मध्य मान 9727 मेगाजूल प्रति हेक्टेयर) के मध्य आंकलित की गई। किसानों की सभी श्रेणियों के आम की खेती में ऊर्जा के उपयोग में महत्वपूर्ण अंतर देखा गया। वर्ष 2015 में आम उत्पादन में अधिकतम उर्जा (3801 मेगाजूल प्रति हेक्टेयर) की खपत उर्वरक देने की क्रिया में उसके बाद छिड़काव (2036 मेगाजूल प्रति हेक्टेयर), जुताई (1702 मेगाजूल प्रति हेक्टेयर), फल परिवहन (1035 मेगाजूल प्रति हेक्टेयर) एवं फल तुड़ाई (496.05 मेगाजूल प्रति हेक्टेयर) में देखी गई।

आम में तुड़ाई उपरांत क्षति का आंकलन

